# दक्ष®

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# CET

## (सीनियर सैकण्डरी स्तर)

## (10 + 2) Level

# 15

2250 परीक्षा उपयोगी अति महत्वपूर्ण प्रश्न

# प्रैक्टिस पेपर्स

(सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित)

- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- पाठ्यक्रम में शामिल प्रत्येक बिन्दु पर आधारित प्रश्नों का महत्व के अनुसार समावेश

Buy Online at : WWW.DAKSHBOOKS.COM

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर**

# पाठ्यक्रम

**समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)**

## Common Eligibility Test (CET)

बोर्ड द्वारा राजस्थान अधीनस्थ एवं लिपिकवर्गीय सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम-2022 के अन्तर्गत निम्नलिखित सेवाओं हेतु **समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)** के लिए निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं—

| क्र.सं. | सेवा का नाम | पद का नाम |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा | वनपाल |
| 2. | राजस्थान अल्पसंख्यक मामलात अधीनस्थ सेवा | छात्रावास अधीक्षक |
| 3. | राजस्थान सचिवालय लिपिकवर्गीय सेवा | लिपिक ग्रेड-II |
| 4. | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा | कनिष्ठ सहायक |
| 5. | राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा | लिपिक ग्रेड-II |
| 6. | राजस्थान आबकारी अधीनस्थ सेवा (निवारक शाखा) | जमादार ग्रेड-II |
| 7. | राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा | कांस्टेबल |

### परीक्षा की स्कीम

| विषय विवरण | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|
| **राजस्थान का इतिहास, कला, सांस्कृतिक, साहित्य, परंपरा और विरासत, भारत एवं राजस्थान का भूगोल, राजस्थान पर विशेष बल के साथ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, राजस्थान की अर्थव्यवस्था,** दैनिक विज्ञान तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता, सामान्य हिन्दी, General English, कम्प्यूटर का ज्ञान, समसामयिक घटनाएँ। | 150 | 300 | 03:00Hr |

**नोट**— 1. सभी प्रश्न बहुविकल्पी होंगे तथा सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।
2. इस परीक्षा में नकारात्मक अंकन (Negative marking) नहीं किया जायेगा।
3. सभी प्रश्न सीनियर सैकेण्डरी स्तर के होंगे।

**राजस्थान का इतिहास, कला, सांस्कृतिक, साहित्य, परंपरा और विरासत**

- प्राचीन सभ्यताएँ: कालीबंगा, आहड़, गणेश्वर, बालाथल और बैराठ।
- राजस्थान के इतिहास की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएँ, प्रमुख राजवंश, उनकी प्रशासनिक व राजस्व व्यवस्था, सामाजिक-सांस्कृतिक आयाम।
- स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताएँ—किले एवं स्मारक, कलाएँ, चित्रकलाएँ और हस्तशिल्प।
- राजस्थान में स्वतंत्रता आन्दोलन, राजनीतिक जनजागरण एवं प्रजामण्डल आन्दोलन।
- राजस्थान का एकीकरण।
- लोक भाषाएँ (बोलियाँ) एवं साहित्य।
- लोक संगीत एवं लोक नृत्य।
- सन्त कवि, योद्धा, लोक देवता एवं लोक देवियाँ।
- मेले एवं त्योहार, रीति रिवाज, वेशभूषा तथा आभूषण।

**भारत एवं राजस्थान का भूगोल**

- भारत के भौतिक स्वरूप: पर्वत, पठार, मरुस्थल एवं मैदान। प्रमुख नदियाँ, बाँध, झीलें एवं सागर। वन्य जीव एवं अभयारण्य।
- राजस्थान के प्रमुख भौतिक स्वरूप: जलवायु दशाएँ, वनस्पति एवं मृदाएँ। नदियाँ, बाँध एवं झीलें। राजस्थान के प्राकृतिक संसाधन: खनिज सम्पदा, वन सम्पदा, जल-संसाधन, पशु सम्पदा। वन्य जीव, अभयारण्य एवं संरक्षण। जनसंख्या: वृद्धि, घनत्व, साक्षरता एवं लिंगानुपात। प्रमुख जनजातियाँ। राजस्थान में पर्यटन।

**राजस्थान में विशेष बल के साथ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था**

- भारतीय संविधान की प्रकृति, प्रस्तावना (उद्देशिका), मौलिक अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक तत्व एवं मौलिक कर्त्तव्य।
- राजस्थान की राजनीति एवं प्रशासनिक व्यवस्था: राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य विधानसभा, उच्च न्यायालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सूचना आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य का मुख्य सचिव, जिला प्रशासन।
- स्थानीय स्व-शासन एवं पंचायती राज।

**राजस्थान की अर्थव्यवस्था**

- राजस्थान में कृषि एवं आर्थिक विकास—राजस्थान की प्रमुख फसलें, कृषि आधारित उद्योग, प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ, मरू भूमि के विकास संबंधी परियोजनाएँ, हस्तशिल्प उद्योग, बेरोजगारी, सूखा और अकाल।
- राजस्थान में विभिन्न कल्याणकारी योजनायें, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MNREGA), विकास संस्थायें, लघु उद्यम एवं वित्तीय संस्थायें, पंचायती राज संस्थाओं की ग्रामीण विकास में भूमिका।
- राजस्थान का औद्योगिक विकास—प्रमुख उद्योग एवं औद्योगिक क्षेत्र। लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योग।
- राजस्थान में ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोत—जल विद्युत, तापीय, अणु, पवन एवं सौर ऊर्जा।

**:: दैनिक विज्ञान ::**

- भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन, ऑक्सीकरण एवं अपचयन अभिक्रियाएँ, उत्प्रेरक।
- धातु अधातु एवं इनके प्रमुख यौगिक, सामान्य जीवन में प्रयुक्त कुछ महत्वपूर्ण यौगिक।
- कार्बन तथा कार्बन के महत्वपूर्ण यौगिक, हाईड्रोकार्बन, कार्बन के अपररूप, क्लोरो-फ्लुओरो कार्बन या फ्रियॉन, सी.एन.जी., बहुलक, साबुन एवं अपमार्जक।
- प्रकाश का परावर्तन व इसके नियम, प्रकाश का वर्ण विक्षेपण, लेंस के प्रकार, दृष्टि दोष तथा उसका निवारण।
- अंतरिक्ष एवं सूचना प्रौद्योगिकी, भारत का अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम, सूचना प्रौद्योगिकी।
- आनुवंशिकी से संबंधित सामान्य शब्दावली, मेण्डेल के आनुवंशिकता के नियम, गुणसूत्रों की संरचना, न्यूक्लिक अम्ल, प्रोटीन संश्लेषण का केन्द्रीय सिद्धान्त, मनुष्य में लिंग निर्धारण।
- पर्यावरण अध्ययन : पारिस्थितिक तंत्र की संरचना, पारिस्थितिक तंत्र के जैविक घटक, पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह, जैव भू रसायनिक चक्र, जैव प्रौद्योगिकी : सामान्य जानकारी, जैव-पेटेन्ट, नई पादप किस्मों का परिवर्धन, ट्रांसजेनिक जीव या पराजीनी जीव।
- जन्तुओं का आर्थिक महत्व, पादपों का आर्थिक महत्व।
- रक्त समूह, रक्ताधान, आर.एच. कारक रोगाणु तथा मानव स्वास्थ्य, कुपोषण तथा मानव स्वास्थ्य, मानव रोग : कारण एवं निवारण।

**:: तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता ::**

- वैदिक विधि से पूर्ण संख्याओं का वर्ग, घनफल, वर्गमूल, घनमूल (6 अंकों की संख्याओं तक)।
- गुणनखण्ड, बहुपद के गुणनखण्ड, समीकरण, दो चरों वाले रैखिक समीकरण, द्विघात समीकरण, लघुगणक।
- अनुपात- समानुपात, प्रतिशतता, लाभ-हानि, साझा, सरल ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, बट्टा।
- एक बिन्दु पर बनने वाले कोण एवं रेखाएँ, सरल रैखीय आकृतियाँ, त्रिभुजों की सर्वांगसमता, समरूप त्रिभुज, कार्त्तीय निर्देशांक पद्धति, दो बिन्दुओं के मध्य दूरियाँ, दो बिन्दुओं के मध्य दूरियों का आन्तरिक एवं बाह्य विभाजन।
- समतल आकृतियों का क्षेत्रफल, वृत्त की परिधि एवं क्षेत्रफल, घन, घनाभ, गोले, शंकु तथा बेलन के पृष्ठीय क्षेत्रफल एवं आयतन।
- कोण एवं उनके माप, न्यून कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात, त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाएँ, ऊँचाई-दूरी की सामान्य समस्याएँ।
- आँकड़ों का चित्रों द्वारा निरूपण, केन्द्रीय प्रवृति के माप, माध्य विचलन, जन्म-मृत्यु सांख्यिकी एवं सूचकांक।
- साधारण मानसिक योग्यता।
- तर्कशक्ति और विश्लेषणात्मक योग्यता।

**:: सामान्य हिन्दी ::**

- सन्धि व संधि विच्छेद
- सामासिक पदों की रचना एवं समास-विग्रह
- उपसर्ग
- प्रत्यय
- पर्यायवाची शब्द
- विलोम शब्द
- अनेकार्थक शब्द
- शब्द-युग्म
- संज्ञा
- सर्वनाम
- विशेषण
- अव्यय
- क्रिया
- शब्द-शुद्धि : अशुद्ध शब्दों का शुद्धीकरण और शब्दगत अशुद्धि का कारण
- वाक्य-शुद्धि : अशुद्ध वाक्यों का शुद्धीकरण और वाक्यगत अशुद्धि का कारण
- वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द
- मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ
- अंग्रेजी के पारिभाषिक (तकनीकी) शब्दों के समानार्थक हिन्दी शब्द
- कार्यालयी पत्रों से सम्बन्धित ज्ञान

**:: General English ::**

- Tenses/Sequence of Tenses.
- Voice: Active and Passive.
- Narration: Direct and Indirect.
- Use of Articles and Determiners.
- Use of Prepositions.
- Translations of Simple (Ordinary/Common) Sentences from Hindi to English and vice-versa.
- Glossary of official, Technical Terms (with their HIndi Versions).
- Synonyms.
- Antonyms.
- One Word substitution.
- Comprehension of a given passage.
- Knowledge of writing letters: Official, Demi Official, Circulars and Notices.

**:: कम्प्यूटर का ज्ञान ::**

- Characteristics of Computers
- Computer Organization including RAM, ROM, File System, Input Devices, Computer Software-Relationship between Hardware and Software.
- Operating System
- MS-Office (Exposure of word, Excel/Spread Sheet, Power Point)

**:: समसामयिक घटनाएँ ::**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)

CET (10+2) Level

# प्रैक्टिस पेपर-1

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 180 मिनट** **कुल अंक : 300**

प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः [A], [B], [C], [D] अंकित किया गया है।
अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।
सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे। इस परीक्षा में नकारात्मक अंकन (Negative Marking) नहीं किया जायेगा। सभी प्रश्न सीनियर सैकेण्डरी स्तर के होंगे।

## राजस्थान का इतिहास, कला, सांस्कृतिक, साहित्य, परंपरा और विरासत

**1. गणेश्वर सभ्यता का सम्बन्ध किस नदी से है?**

(A) सरस्वती (B) आहड़
(C) सिन्धु (D) कांतली **[D]**

**व्याख्या**—सीकर जिले में कांतली नदी के किनारे स्थित ताम्रयुगीन सभ्यता गणेश्वर का उत्खनन (1977-78 ई.) आर.सी. अग्रवाल एवं विजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। भारत में ताम्रयुगीन सभ्यता की जननी मानी जाती है। यहाँ से ताँबे के उपकरण, बाढ़ से बचने के लिए पत्थर का बाँध, चित्रकारी से युक्त बर्तन एवं मछली पकड़ने के काँटे प्राप्त हुए हैं।

**2. आधुनिक कालीन हिन्दी साहित्य में कन्हैयालाल सेठिया, मेघराज चतुर्वेदी तथा सत्यप्रकाश जोशी का संबंध है—**

(A) कविता साहित्य से (B) लघु साहित्य से
(C) नाटक से (D) कथा साहित्य से **[A]**

**व्याख्या**—आधुनिक कालीन हिन्दी साहित्य में कन्हैयालाल सेठिया, मेघराज चतुर्वेदी तथा सत्यप्रकाश जोशी का सम्बन्ध कविता साहित्य से है। राजस्थानी भाषा में ओजस्वी कविता के अग्रणी कवि कन्हैयालाल सेठिया का जन्म सुजानगढ़ (चूरू) में 1929 में हुआ। जोधपुर में जन्में सत्यप्रकाश जोशी की कविता 'बोल भारमली' को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है।

**3. राजस्थानी संस्कृति में 'औलंदी' क्या है—**

(A) विवाह का एक प्रकार
(B) एक देशी खेल
(C) नववधु के साथ जाने वाली लड़की या स्त्री
(D) राजस्थानी लोक-गीत **[C]**

**व्याख्या**—राजस्थान में वधू के साथ उसके पीहर से लड़की या स्त्री आती है वह ओलन्दी (अणवादी) कहलाती है।

**4. बनेश्वर (बेणेश्वर) मेले का आयोजन किस दिन किया जाता है—**

(A) माघ पूर्णिमा (B) वैशाख पूर्णिमा
(C) कार्तिक पूर्णिमा (D) भाद्रपद पूर्णिमा **[A]**

**व्याख्या**—बेणेश्वर मेले का आयोजन माघ पूर्णिमा को किया जाता है। इसका स्थान नेवटपुरा (डूँगरपुर) में है। इसे **'आदिवासियों का कुंभ'** कहा जाता है।

**5. मरुभूमि के लोकगीत उनकी किस भावना के परिचायक हैं—**

(A) उमंग (B) वियोग
(C) हृदय की पीड़ा (D) समस्त वर्णित विकल्प **[D]**

**व्याख्या**—लोकगीतों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश राजस्थान में लोगों का उल्लास, प्रेम, करुणा, सुख-दुख इत्यादि की व्यंजना लोकगीतों के माध्यम से प्रतिबिम्बित होती है। लोकगीत **सहज रूप से कंठ से निकली अभिव्यक्ति** है जिसकी स्वर लहरियां पग-पग पर प्रवाहित होती हैं। लोकगीतों की मुख्य विशेषता यह होती है कि **इसका रचयिता व्यक्ति विशेष न होकर सम्पूर्ण** समाज होता है।

**6. मध्यकालीन राजपूत शासन में 'मदद-ए-माश' भूमि अनुदान के रूप में दी जाती थी?**

(A) कुलीन वर्ग को
(B) राजपरिवार को सदस्यों को
(C) नौकरी करने वाले वर्ग को
(D) विद्वानों एवं धार्मिक व्यक्तियों को **[D]**

**व्याख्या**—मिल्क/सयूरगल भूमि को 'मदद-ए-माश' भी कहा जाता था। यह भूमि अनुदान के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को दी जाती थी। यह भूमि विद्वानों, कवियों, ब्राह्मणों, चारणों, भाटों, सम्प्रदायों, पुण्यार्थ कार्यों आदि के लिए दी जाती थी। यह कर मुक्त होती थी। किन्तु भूमिग्राही इसे बेच नहीं सकता था।

**7. प्रतापगढ़, अजबगढ़, थानागाजी और बलदेव गढ़ में बोली जाने वाली भाषा है—**

(A) नहेड़ा मेवाती (B) कठेर मेवाती
(C) भयाना मेवाती (D) आरेज मेवाती **[A]**

**व्याख्या**—राजस्थान की मेवाती बोली में कठेर मेवाती, भयाना मेवाती, आरेज मेवाती, नहेड़ा मेवाती, बीछेता मेवाती एवं खड़ी मेवाती बोलियों को सम्मिलित किया जाता है। नहेड़ा मेवाती बोली प्रतापगढ़, अजबगढ़, थानागाजी और बलदेवगढ़ क्षेत्रों में बोली जाती है। यह बोली जयपुरी बोली से अत्यधिक प्रभावित है।

**8. राज्य के किस किले को सुवर्णगिरी कहा जाता है?**

(A) जोधपुर के किले को (B) आमेर के किले को
(C) जालौर के दुर्ग को (D) बूँदी के किले को **[C]**

**व्याख्या**—जालौर का दुर्ग (सुवर्णगिरी दुर्ग) पश्चिमी राजस्थान के सबसे प्राचीन तथा सुदृढ़ दुर्गों में से एक माना जाता है। प्रतिहार राजा नागभट्ट (प्रथम) द्वारा निर्मित इस दुर्ग को परमार शासकों द्वारा सुदृढ़ बनाया गया। प्राचीन साहित्य और शिलालेखों में इसे जालंधर,

जाबालिपुर, जालहुर आदि नामों से अभिहित किया गया है। जिस पर्वत शिखर पर यह दुर्ग स्थित है उसे स्वर्णगिरी व कनकाचल कहा गया है।

**9. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए—**

| रामस्नेही सम्प्रदाय की शाखा | प्रवर्तक |
|---|---|
| a. सिंहथल | 1. सन्त रामचरण |
| b. रेण | 2. सन्त हरिराम दास |
| c. खेड़ापा | 3. सन्त रामदास |
| d. शाहपुरा | 4. सन्त दरियाव |

| कूट— | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**[B]**

**व्याख्या**—उपरोक्त प्रश्न का सही उत्तर (B) है। रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रवर्तक स्वामी रामानन्द जी महाराज थे। इस सम्प्रदाय से जुड़े लोगों ने एकल मूल्य प्रणाली के अन्तर्गत जनता को धर्म का अर्थ समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

✧ इन सन्तों ने हिन्दू-मुस्लिम, जैन वैष्णव, द्विज-शूद्र, सगुण-निर्गुण, भक्ति और योग के द्वंद्व को समाप्त कर दिया और एक समन्वित सरल मानव धर्म की स्थापना की जो सभी के लिये आसान और स्वीकार्य था। बाद में मानवीय मूल्यों से सम्पन्न इस धर्म को "रामस्नेही सम्प्रदाय" के रूप में नामित किया गया।

| संत | रामस्नेही सम्प्रदाय की शाखाएँ |
|---|---|
| संत रामचरण जी | शाहपुरा शाखा |
| संत दरियाव जी | रैण शाखा |
| संत हरिराम दास जी | सिंहथल शाखा |
| संत राम दास जी | खेड़ापा शाखा |

**10. राजस्थान के एकीकरण प्रक्रिया के समय मत्स्य संघ की वार्षिक आय कितनी थी?**

(A) 184 लाख रुपए (B) 290 लाख रुपए
(C) 324 लाख रुपए (D) 26 लाख रुपए **[A]**

**व्याख्या**— अलवर, भरतपुर, धौलपुर व करौली सहित 4 रियासत व चीफशिप नीमराणा को मिलाकर 18 मार्च, 1948 को मत्स्य संघ का निर्माण किया गया। धौलपुर के महाराणा उदयभानसिंह को राजप्रमुख, करौली महाराजा गणेशपाल को उपराज प्रमुख तथा अलवर प्रजामण्डल के प्रमुख नेता शोभाराम को मत्स्य संघ का प्रधानमंत्री बनाया गया। मत्स्य संघ का क्षेत्रफल लगभग 12000 वर्ग किमी., जनसंख्या 18.38 लाख तथा वार्षिक आय 184 लाख रुपए थी।

**11. गुर्जर प्रतिहार वंश के किस शासक ने अपनी राजधानी मण्डोर से मेड़ता स्थानान्तरित की थी?**

(A) कक्कुक (B) रज्जिल
(C) नागभट्ट-I (D) बॉउक **[C]**

**व्याख्या**— नागभट्ट प्रतिहार गुर्जर प्रतिहार वंश का प्रथम प्रतापी शासक हुआ, जिसने अपनी राजधानी मण्डोर से मेड़ता तथा अंत में जालौर स्थानान्तरित की थी। इस वंश में शीलुक, कक्क, बानुक, कक्कुक, हरीशचन्द्र महत्वपूर्ण शासक हुए।

**12. मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना किस वर्ष की गई—**

(A) 1932 (B) 1938 (C) 1942 (D) 1930 **[B]**

**व्याख्या**— मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना 24 अप्रैल, 1938 को माणिक्य लाल वर्मा के प्रयासों से हुई। बलवंत सिंह मेहता को अध्यक्ष तथा भूरेलाल बया को उपाध्यक्ष बनाया गया। महामंत्री माणिक्यलाल वर्मा को बनाया गया।

**13. राजस्थान चित्रकला की मूल शैली के रूप में किस चित्र शैली को माना जाता है?**

(A) मारवाड़ी शैली (B) किशनगढ़ शैली
(C) मेवाड़ी शैली (D) शेखावाटी शैली **[C]**

**व्याख्या**—**उदयपुर शैली (मेवाड़ शैली) राजस्थानी चित्रकला की मूल या प्रारम्भिक शैली** मानी जाती है। इस शैली का उद्भव अपभ्रंश शैली से हुआ है। यह शैली **गुर्जर** (गुजरात की) एवं **जैन** शैली से प्रभावित रही है। **महाराणा जगतसिंह** प्रथम का काल 'मेवाड़ शैली का स्वर्णकाल' माना जाता है।

## भारत एवं राजस्थान का भूगोल

**14. पीरपंजाल और बनिहाल दर्रे निम्न में से किस श्रेणी में सम्मिलित हैं?**

(A) वृहद् हिमालय (B) लघु या मध्य हिमालय
(C) शिवालिक हिमालय (D) इनमें से कोई नहीं **[B]**

**व्याख्या**—लघु या मध्य हिमालय श्रेणी महान हिमालय के दक्षिण तथा शिवालिक हिमालय के उत्तर में उसके समानान्तर फैली है। पीरपंजाल श्रेणी इसका पश्चिमी विस्तार है, जिसका जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल राज्य में फैलाव मिलता है। इस श्रेणी में पीरपंजाल और बनिहाल दो प्रमुख दर्रे हैं।

**15. निम्नलिखित में से किस झील को राजस्थान की दूसरी रामसर साईट (आर्द्रभूमि) घोषित किया गया है?**

(A) जयसमंद झील (B) सांभर झील
(C) कायलाना झील (D) पिछोला झील **[B]**

**व्याख्या**—वर्ष 1990 में साँभर झील को राजस्थान की दूसरी रामसर साईट (आर्द्रभूमि) घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष 1981 में राज्य की प्रथम रामसर साईट घोषित किया गया था।

**16. सहरिया-कथौड़ी जनजाति विशेष कार्यक्रम कब संचालित किया गया था?**

(A) 2004-05 (B) 2005-06
(C) 2006-07 (D) 2007-08 **[A]**

**व्याख्या**—2004-05 में राज्य सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के तहत उक्त जनजातियों को खाद्यान्न सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में मनरेगा के तहत इन्हें 200 दिन का विशेष रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**17. राजस्थान राज्य में 2001-2011 के दौरान लिंगानुपात में कितने अंकों की वृद्धि हुई?**

(A) 5 (B) 7 (C) 10 (D) 15 **[B]**

**व्याख्या**—राजस्थान राज्य में 2001-2011 के दौरान लिंगानुपात में 7 अंकों की वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2001 की जनगणना के

अनुसार राज्य में लिंगानुपात 921 था जो वर्ष 2011 की जनगणना में बढ़कर 928 हो गया।

**18. राजस्थान के किस मृगवन को ग्रामीण चेतना केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है?**

(A) अमृता देवी मृगवन (B) संजय उद्यान मृगवन
(C) सज्जनगढ़ मृगवन (D) अशोक विहार मृगवन **[B]**

**व्याख्या**—राजस्थान में वर्तमान में 7 मृगवन हैं—

1. अशोक विहार मृगवन — सी-स्कीम (जयपुर) 1886 में स्थापित
2. दुर्ग मृगवन — चित्तौड़गढ़ दुर्ग 1969 में स्थापित
3. पुष्कर मृगवन — अजमेर 1984 में स्थापित
4. सज्जनगढ़ मृगवन — उदयपुर 1984 में स्थापित
5. माचिया सफारी पार्क — जोधपुर 1985 में स्थापित
6. संजय उद्यान मृगवन — शाहपुरा (जयपुर) 1986 में स्थापित
7. अमृता देवी मृगवन — खेजड़ली (जोधपुर) 1998 में स्थापित

✧ NH-8 पर 10 हैक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित संजय उद्यान मृगवन को ग्रामीण चेतना केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है।

**19. 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ ट्यूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (रिट्टमैन)' का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(A) जयपुर (B) उदयपुर
(C) बीकानेर (D) जोधपुर **[A]**

**व्याख्या**—राज्य में पर्यटन गतिविधियों हेतु मानव संसाधन का विकास करने हेतु 1966 में ''राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ ट्यूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (रिट्टमैन)'' की स्थापना की गई। इसका मुख्यालय जयपुर में है।

**20. देश के कुल ऊन उत्पादन में राजस्थान का योगदान है—**

(A) 34.34 प्रतिशत (B) 30.44 प्रतिशत
(C) 37.44 प्रतिशत (D) 44.37 प्रतिशत **[C]**

**व्याख्या**—देश के कुल ऊन उत्पादन में **37.44%** योगदान के साथ राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है। राज्य का सर्वाधिक ऊन उत्पादक जिला **जोधपुर** है।

**21. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में 'बांकापट्टी' (पेटी) फैली हुई है?**

(A) भीलवाड़ा (B) नागौर
(C) चूरू (D) सीकर **[B]**

**व्याख्या**—विशेषतः नागौर और अजमेर जिले की सीमा के आसपास भूमिगत जल में फ्लोराइड की अधिकता है जिसके कारण इस क्षेत्र में फ्लोरोसिस रोग (दाँतों का पीलापन, हड्डियाँ टेढ़ी होना, पीठ झुक जाना) बहुतायत में फैला है अतः इस क्षेत्र को कुबड़पट्टी/बांकापट्टी/हॉंच बेल्ट कहा जाता है।

**22. निम्नलिखित में से किस झील को टापूओं की उपस्थिति के कारण 'ढ़ेबर झील' भी कहा जाता है?**

(A) जयसमंद झील (B) राजसमंद झील
(C) पिछोला झील (D) उदयसागर झील **[A]**

**व्याख्या**—जयसमंद झील (उदयपुर) को टापूओं की उपस्थिति के कारण 'ढ़ेबर झील' भी कहते है। इसमें सात टापू है, जिनमें बाबा का भागड़ा सबसे बड़ा एवं प्यारी सबसे छोटा टापू है। इन पर भील-मीणा आदिवासी लोग रहते है।

**23. राजस्थान में प्रमुख ग्रेनाइट उत्पादक जिला समूह है?**

(A) जयपुर, पाली, टोंक, सीकर, उदयपुर
(B) बाँसवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा
(C) जालौर, बाड़मेर, सिरोही, राजसमंद, भीलवाड़ा
(D) सीकर, पाली, सिरोही, जयपुर, झुंझुनूं **[C]**

**व्याख्या**—ग्रेनाइट आग्नेय चट्टानों से प्राप्त मजबूत इमारती पत्थर है। राज्य में जालौर, बाड़मेर, सिरोही, राजसमंद, भीलवाड़ा प्रमुख ग्रेनाइट उत्पादक जिले है। राजस्थान में रोजी पिंक, राजस्थान ब्लैक, चिमा पिंक, इंपीरियल रेड, क्रिस्टल येलों आदि ग्रेनाइट के विविध प्रकार है।

**24. कोपेन के अनुसार राजस्थान का सबसे बड़ा जलवायु प्रदेश है?**

(A) Aw (B) Bshw
(C) Bwhw (D) Cwg **[C]**

**व्याख्या**—कोपेन के अनुसार राजस्थान की जलवायु का वर्गीकरण—

(i) Aw (उष्ण कटिबंधीय आर्द्र प्रदेश)
(ii) Bshw (अर्द्ध शुष्क प्रदेश)
(iii) Bwhw (उष्ण शुष्क प्रदेश)
(iv) Cwg (मानसूनी वर्षा क्षेत्र)

✧ Bwhw राज्य का सबसे बड़ा जलवायु प्रदेश है। इस प्रदेश में जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिले का कुछ भाग शामिल है।

**25. निम्नलिखित की जोड़ी बनाएँ—**

| | शहर | | नदी |
|---|---|---|---|
| a. | जबलपुर | 1. | रावी |
| b. | पेरिस | 2. | नर्मदा |
| c. | लंदन | 3. | सीन |
| d. | लाहौर | 4. | टेम्स |

**कूट—**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**[A]**

**व्याख्या**—दिए गए शहर एवं उनसे संबंधित नदियों का सुमेलन निम्नानुसार है—

| शहर | नदी |
|---|---|
| जबलपुर | नर्मदा |
| पेरिस | सीन |
| लंदन | टेम्स |
| लाहौर | रावी |

**26. राजस्थान में सेम की समस्या मुख्यत: किस क्षेत्र में अधिक होती है?**

(A) नहरी सिंचित क्षेत्र (B) मरुस्थलीय क्षेत्र
(C) रेगिस्तानी क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं **[A]**

**व्याख्या**—जलाभरण या सेम की समस्या मूलतः नहरी सिंचित क्षेत्रों में अधिक होती है। नीचे चट्टानी स्तर होने के कारण जल भराव रहता है, जो भूमि के उपजाऊपन को नष्ट करता है जलभराव की इस समस्या को

स्थानीय भाषा में सेम समस्या कहते है। राजस्थान के गंगानगर-हनुमानगढ़ जिलों में सूरतगढ़, बढ़ोपल, रावतसर और बीकानेर के लूनकरणसर क्षेत्र में यह समस्या देखने को मिलती है

**27. कौनसा वृक्ष आदिवासियों का कल्प वृक्ष कहलाता है?**

(A) तेंदू (B) महुआ (C) खैर (D) बाँस **[B]**

**व्याख्या**—आदिवासियों का कल्प वृक्ष के नाम से प्रसिद्ध 'महुआ' डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ में सर्वाधिक पाया जाता है। आदिवासी इससे मावड़ी नामक देशी शराब बनाते है। इसका वानस्पतिक नाम 'मधुका लोगोंफोलिया' है।

**28. भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान कौनसा है?**

(A) कार्बेट नेशनल पार्क

(B) सिमलीपाल नेशनल पार्क

(C) डचिगम वन्य जीव अभयारण्य

(D) हजारीबाग नेशनल पार्क **[A]**

**व्याख्या**—भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कार्बेट नेशनल पार्क है, इसकी स्थापना वर्ष 1936 में हेली नेशनल पार्क के रूप में की गई। वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत इसी उद्यान से की गई थी।

## राजस्थान पर विशेष बल के साथ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था

**29. राज्य सूचना आयोग में अधिकतम कितने सदस्य हो सकते हैं—**

(A) चार (B) सात (C) दस (D) तेरह **[C]**

**व्याख्या**—राज्य सूचना आयोग में 1 मुख्य सूचना आयुक्त तथा अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं, जिनकी निम्नलिखित योग्यता होनी चाहिए—

- विज्ञान, तकनीक, विधि, समाजसेवा, प्रशासन पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाला व्यक्ति सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।
- राज्य मुख्य सूचना आयुक्त या राज्य सूचना आयुक्त किसी संस्था या राज्य विधानमण्डल का सदस्य नहीं होना चाहिए एवं लाभ के पद पर कार्यरत ना हो।

**30. मानवाधिकार सरंक्षण अधिनियम 1993 की किस धारा में मानवाधिकारों को परिभाषित किया गया है?**

(A) धारा 2 (क) (B) धारा 2 (ख)

(C) धारा 2 (ग) (D) धारा 2 (घ) **[D]**

**व्याख्या**—'मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम-1993' की **धारा 2(घ)** में मानवाधिकारों को परिभाषित किया गया है, जिसके अनुसार संविधान में उल्लिखित एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रसंविदा में अंगीभूत व्यक्ति के जीवन, स्वतन्त्रता, समानता और प्रतिष्ठा से संबंधित अधिकार जो न्यायालय द्वारा लागू करने योग्य हो, वे मानवाधिकारों के अन्तर्गत शामिल होंगे।

**31. राजस्थान में छावनी बोर्ड की स्थापना कहाँ पर की गई है?**

(A) नसीराबाद (B) माउण्ट आबू

(C) जोधपुर (D) बाड़मेर **[A]**

**व्याख्या**—राजस्थान में दो छावनी बोर्ड है, जो रक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) के अधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं के रूप में कार्यरत है—

(i) **नसीराबाद**-1818 में स्थापित।

(ii) **अजमेर**-1962 में स्थापित।

**32. निम्न में से किसने संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया था—**

(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) सरदार पटेल (D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद **[B]**

**व्याख्या**—संविधान सभा की कार्यवाही 13 दिसम्बर 1946 को जवाहर लाल नेहरू द्वारा पेश किये गये उद्देश्य प्रस्ताव के साथ प्रारम्भ हुई। 22 जनवरी 1947 ई. को उद्देश्य प्रस्ताव को स्वीकृति की गई।

**33. संविधान की उद्देशिका में उल्लिखित 'हम भारत के लोग' संविधान की निम्नांकित विशेषता से घनिष्ठ रूप से जुड़ा है—**

(A) पंथनिरपेक्षता (B) संप्रभु राज्य

(C) द्वि-सदनात्मकतावाद (D) स्वतंत्र न्यायपालिका **[B]**

**व्याख्या**—संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) में लिखित शब्द यथा– "हम भारत के लोग .... इस संविधान को" अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।" भारतीय लोगों की सर्वोच्च सम्प्रभुता का उद्घोष करते हैं। संविधान की प्रस्तावना को **'संविधान की कुंजी'** कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि 42वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं एकता और अखण्डता शब्द जोड़े गये।

**34. संविधान में कौनसा भाग पंचायत से सम्बन्धित है?**

(A) भाग 9 ए (B) भाग 9 बी

(C) भाग आठ (D) भाग 9 **[D]**

**व्याख्या**—73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 243 को 9वें भाग के रूप में जोड़ा गया उसे 'पंचायते' नाम से उल्लिखित किया गया और अनुच्छेद 243 से 243ण तक के प्रावधान सम्मिलित किए गए। इस अधिनियम से संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़ी गई है जिसमें पंचायती राज संस्थाओं के 29 कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है।

**35. जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर की शक्तियाँ हैं—**

(1) कानून व व्यवस्था बनाए रखना।

(2) पुलिस पर नियंत्रण रखना।

(3) विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।

(4) भू-राजस्व एकत्र करना।

कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए—

(A) 1, 2, 4 (B) 2, 3, 4

(C) 1, 3, 4 (D) 1, 2, 3 **[D]**

**व्याख्या**—जिला दंडनायक के रूप में जिला कलेक्टर को अनेक शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। इन्हीं शक्तियों के कारण जिला कलेक्टर को जिला मजिस्ट्रेट (D.M.) भी कहा जाता है। वह पुलिस, जेल तथा न्यायिक क्षेत्र के कतिपय कार्य निष्पादित करवाता है। प्रमुख रूप से दंडनायक के रूप में जिला कलेक्टर के निम्न दायित्व हैं—

1. जिले में शांति, सुरक्षा, एकता, सद्भाव तथा व्यवस्था बनाए रखना।
2. जिला पुलिस तंत्र पर नियंत्रण रखना।
3. साम्प्रदायिक दंगों, राजनीतिक आंदोलनों, उग्र प्रदर्शनों, आंतककारी गतिविधियों तथा जातीय संघर्षों इत्यादि पर नियंत्रण रखना।

4. विदेशियों के पारपत्र की जाँच करना।
5. जाति, निवास तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र जारी करना।
6. जिला कारागृह का निरीक्षण करना।
7. धारा 144 के अन्तर्गत शांति भंग के मामलों की सुनवाई करना।
8. शस्त्रालयों पर नियत्रंण रखना।
9. तस्करी, नशीली दवा व्यापार तथा आतंककारी गतिविधियों पर नियत्रंण रखना।

**36. राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबंध में निम्नांकित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?**

(A) आयोग के सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाएंगे।
(B) आयोग के सदस्य अपने पद से भारत के राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाएंगे।
(C) आयोग के सदस्यों का कार्यकाल अपने पद ग्रहण करने से 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, होगा।
(D) आयोग के सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के पात्र होंगे। **[A]**

**व्याख्या**—RPSC में सदस्यों एवं अध्यक्ष की नियुक्ति अनु. 316 के अनुसार मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल द्वारा की जाती है। राज्य लोक सेवा आयोग में कम से कम आधे सदस्य संघ या राज्य की लोक सेवाओं से होने चाहिए एवं अन्य आधे सदस्य शिक्षाविद, समाज सेवक, वकील, राजनेता पत्रकार आदि में से हो सकते है।

**37. राज्य की दूसरी महिला मुख्य सचिव—**

(A) श्रीमती कुशलसिंह (B) श्रीमती कांता भटनागर
(C) श्रीमती ऊषा शर्मा (D) श्रीमती अल्का काला **[C]**

**व्याख्या**—राजस्थान की दूसरी महिला मुख्य सचिव श्रीमती ऊषा शर्मा (31 जनवरी 2022 से) नियुक्त की गई है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती कुशलसिंह राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव थी।

**38. राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयोग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) इसका गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243K के अन्तर्गत जुलाई 1994 में किया गया।
(2) यह एक बहुसदस्यीय आयोग है जिसका प्रमुख राज्य निर्वाचन आयुक्त होता है।
(3) इसका एक सचिव होता है जो राज्य का राज्य निर्वाचन अधिकारी कहलाता है।
(4) यह स्थानीय निकायों के चुनाव करवाता है।

**कूटः**
(A) 1 और 4 सही हैं (B) 2, 3 और 4 सही हैं
(C) केवल 1 व 2 सही है (D) केवल 1, 3, 4 सही है **[D]**

**व्याख्या**—73वें एवं 74वें संविधान संशोधनों की अनुपालना में स्थानीय निकायों के निर्वाचन कार्यों हेतु एकल सदस्यीय राज्य निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, जिसका प्रमुख राज्य निर्वाचन आयुक्त होता है।

**39. राजस्थान में कौनसा राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल सबसे लंबा रहा—**

(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा **[D]**

**व्याख्या**—**राजस्थान में राष्ट्रपति शासन**—

| क्र.स. | राष्ट्रपति शासन का समय |
|---|---|
| 1. | **13 मार्च 1967 से 26 अप्रैल 1967** तक कुल **44 दिन** (सबसे कम समय तक) |
| 2. | **30 अप्रैल 1977 से 21 जून 1977** तक **53 दिन** |
| 3. | **17 फरवरी 1980 से 05 जून 1980** तक **110 दिन** |
| 4. | **15 दिसम्बर 1992 से 03 दिसम्बर 1993** तक **354 दिन** (सर्वाधिक लम्बे समय तक) |

**40. उच्च न्यायालय में कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की जा सकती है?**

(A) अनुच्छेद 222 (B) अनुच्छेद 223
(C) अनुच्छेद 225 (D) अनुच्छेद 230 **[B]**

**व्याख्या**—संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत उच्च न्यायालय में कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की जा सकती है।

- ✧ अनुच्छेद 222 — किसी न्यायाधीश का एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय का अंतरण।
- ✧ अनुच्छेद 225 — विद्यमान उच्च न्यायालयों की अधिकारिता।
- ✧ अनुच्छेद 230 — उच्च न्यायालयों की अधिकारिता का संघ राज्य क्षेत्रों पर विस्तार।

**41. राजस्थान मंत्रिपरिषद् की न्यूनतम संख्या हो सकती है।**

(A) 29 + 1 मुख्यमंत्री (B) 11 + 1 मुख्यमंत्री
(C) 15 + 1 मुख्यमंत्री (D) 12 + 1 मुख्यमंत्री **[B]**

**व्याख्या**—**91वाँ संविधान संशोधन 2003** के द्वारा मंत्रिपरिषद् का आकार निश्चित कर दिया गया। इस संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार—

- ✧ राज्यों में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के **15 प्रतिशत से अधिक नहीं** होगी किन्तु राज्यों में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की न्यूनतम संख्या 12 से कम नहीं होगी। [**अनुच्छेद 164 (क)**]

**42. ''राज्य के नीति निर्देशक सिद्धातों का उद्देश्य जनता के कल्याण को प्रोत्साहित करने वाली सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना है।''–उक्त कथन किसने कहा है?**

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) अंबेडकर
(C) राजेंद्र प्रसाद (D) के.एम. मुंशी **[C]**

**व्याख्या**—उक्त कथन डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा कहा गया था। नीति निर्देशक तत्त्व लोकतांत्रिक देशों में आर्थिक और सामाजिक कल्याण को सुनिश्चित करते हैं। इसकी अवधारणा आयरलैंड के संविधान से ली गई है।

**43. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**

(A) अनुच्छेद-17, छूआछूत का उन्मूलन
(B) अनुच्छेद-21, जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा
(C) अनुच्छेद-24, प्राथमिक शिक्षा का अधिकार
(D) अनुच्छेद-29, अल्पसंख्यकों की संस्कृति की रक्षा **[C]**

**व्याख्या**—अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता का अंत
अनुच्छेद 21 प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण
अनुच्छेद 29 अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण
अनुच्छेद 24 कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध
इस प्रकार अनुच्छेद 24 प्राथमिक शिक्षा के अधिकार से संबंधित नहीं है। प्राथमिक शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21(A) में है।

**44. राजस्थान की प्रथम महिला विधायक थी?**
(A) सुमित्रा सिंह (B) यशोदा देवी
(C) कमला बेनीवाल (D) नगेन्द्र बाला **[B]**
**व्याख्या**—श्रीमती यशोदा देवी राज्य विधानसभा की पहली महिला विधायक थी, जो 1953 में बाँसवाड़ा से उपचुनाव में विधायक चुनी गई।

**45. निम्नलिखित में से किसकी संस्तुति पर भारतीय संविधान में मूल कर्तव्य शामिल किए गए थे ?**
(A) बलवंत राय मेहता समिति (B) स्वर्ण सिंह समिति
(C) फक्कड़ समिति (D) सरकारिया समिति **[B]**
**व्याख्या**—वर्ष 1976 में मौलिक कर्तव्यों हेतु सिफारिश करने के लिये सरदार स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में समिति की स्थापना की गई थी, इस समिति की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आपातकाल के दौरान मौलिक कर्तव्यों और उनकी आवश्यकता पर सिफारिशें करना था। स्वर्ण सिंह समिति ने केवल आठ मौलिक कर्तव्यों को शामिल करने का सुझाव दिया था, परंतु 42वें संविधान संशोधन में दस कर्तव्य शामिल थे।

## राजस्थान की अर्थव्यवस्था

**46. राजस्थान में दिसम्बर 2021 तक सौर ऊर्जा की अधिष्ठापित क्षमता है?**
(A) 9228.70 मेगावॉट (B) 4338 मेगावॉट
(C) 3310.16 मेगावॉट (D) 120.45 मेगावॉट **[A]**
**व्याख्या**—राज्य में दिसम्बर 2021 तक नेट मीटरिंग रेग्युलेशन के तहत स्थापित रूफटॉप संयंत्रों सहित 9228.70 मेगावॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो चुके है। राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए अनुकूल राजस्थान सौर ऊर्जा नीति-2019 जारी की गई है।

**47. राजस्थान में सहरिया, खैरुआ तथा कथौड़ी जनजाति के परिवारों को वर्तमान में मनरेगा के तहत कितने दिवस का रोजगार देय है?**
(A) 200 दिवस (B) 150 दिवस
(C) 100 दिवस (D) 75 दिवस **[A]**
**व्याख्या**—राजस्थान में सहरिया, खैरुआ तथा कथौड़ी जनजाति के परिवारों को वर्तमान में मनरेगा के तहत 200 दिवस का रोजगार दिया जा रहा है।

**48. राज्य सरकार द्वारा 'मिशन निर्यातक बनो' कब प्रारंभ किया गया?**
(A) 20 जुलाई 2019 (B) 20 जुलाई 2021
(C) 29 जुलाई 2021 (D) 29 जुलाई 2020 **[C]**
**व्याख्या**—राज्य के निर्यात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक **29 जुलाई, 2021** को एक अनूठी पहल 'मिशन निर्यातक बनों' प्रारम्भ की गई है। उक्त मिशन के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित औद्योगिक इकाईयों के आधार पर नवीन निर्यातक बनाने हेतु लक्ष्य आवंटित किये गये हैं।

**49. इन्सपायर अवॉर्ड योजना में वर्ष 2021-22 में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान रहा?**
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) 5वाँ स्थान (D) 7वाँ स्थान **[A]**
**व्याख्या**—वर्ष 2021-22 में राजस्थान राज्य ने इन्सपायर अवॉर्ड मानक योजना के अन्तर्गत कुल 10,019 बाल वैज्ञानिकों के चयन के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जो कि पिछले वर्ष के कुल चयन 8,027 बाल वैज्ञानिकों के चयन से 24.81 प्रतिशत (कुल चयन, 1,992) अधिक है। राजस्थान के 3 जिलें देश के टॉप 10 जिलों में है। 993 बाल वैज्ञानिकों के चयन के साथ जयपुर ने संपूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अलवर ने 621 बाल वैज्ञानिकों के चयन के साथ चौथा स्थान और 561 बाल वैज्ञानिकों के चयन से साथ झुँझुनूँ ने छठा स्थान प्राप्त किया है।

**50. राजस्थान राज्य अक्षय ऊर्जा, निगम की स्थापना हुई—**
(A) 2002 (B) 2003
(C) 2004 (D) 2005 **[A]**
**व्याख्या**—राजस्थान राज्य अक्षय ऊर्जा निगम (RREC) की स्थापना वर्ष 2002 को जयपुर में हुई।

**51. राजस्थान भू-उपयोग 2019-20 के अनुसार राज्य में शुद्ध बोया गया क्षेत्र है?**
(A) 48.65% (B) 50.63%
(C) 52.58% (D) 54.72% **[C]**
**व्याख्या**—**राजस्थान का भूमि सांख्यिकी 2019-20**—

| भूमि उपयोग श्रेणी | क्षेत्रफल (लाख हैक्टेयर में) | कुल क्षेत्र का क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| वानिकी | 27.70 | 8.08% |
| कृषि के अतिरिक्त अन्य उपयोग भूमि | 20.07 | 5.85% |
| ऊसर तथा कृषि अयोग्य भूमि | 23.72 | 6.92% |
| स्थायी चारागाह तथा गोचर भूमि | 16.67 | 4.86% |
| वृक्षों के झुण्ड तथा बाग | 0.29 | 0.08% |
| बंजर भूमि | 37.17 | 10.84% |
| चालू पड़त | 15.55 | 4.54% |

**52. वर्तमान में बेरोजगारी के मामले में देश का प्रथम राज्य है?**
(A) राजस्थान (B) हरियाणा
(C) बिहार (D) उत्तरप्रदेश **[A]**
**व्याख्या**—सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी रिपोर्ट-2022 के

अनुसार राजस्थान की 2022 में बेरोजगारी दर **32.3%** है। राजस्थान बेरोजगारी के मामले में देश में प्रथम स्थान पर है। तथा हरियाणा का दूसरा स्थान है। इसी रिपोर्ट के अनुसार भारत में बेरोजगारी दर **7.6%** है। राजस्थान की बेरोजगारी दर भारत की बेरोजगारी दर से **4** गुना ज्यादा है।

**53. रीको ने चार एग्रो-फूड पार्क विकसित किए है ताकि—**

(A) कृषिगत वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा दिया जा सकें।
(B) कृषि में विनियोग संवर्धन का कार्य करे।
(C) कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने।
(D) खाद्य भंडारण की सुविधाओं में वृद्धि करें। **[C]**

**व्याख्या**—**राज्य के एग्रो फूड-पार्क**—रीको द्वारा स्थापित यह पार्क किसानों को अपनी उपजों को बेहतर मूल्य दिलवाने एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

✧ प्रथम—एग्रो फूड पार्क - रणपुर/रानपुर (कोटा)
✧ दूसरा—बोरावाड़ा (जोधपुर)
✧ तीसरा—उद्योग विहार (श्रीगंगानगर)
✧ चौथा—मत्स्य उद्योग क्षेत्र (MAT), (अलवर)
✧ पाँचवा (प्रस्तावित)—झालावाड़ (निजी क्षेत्र)

**54. राजस्थान में आपदा प्रबंध अधिनियम, 2005 कब से लागू किया गया?**

(A) 1 अगस्त, 2006 (B) 15 अगस्त, 2006
(C) 1 अगस्त, 2007 (D) 15 अगस्त, 2007 **[C]**

**व्याख्या**—राज्य में अकाल से निपटने हेतु **31** अक्टूबर **2003** को 'आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग' की स्थापना की गई तथा 'आपदा प्रबंधन अधिनियम-**2005**' लाया गया, जिसे 1 अगस्त 2007 से लागू कर दिया गया।

**55. राजस्थान की नवीनतम जल नीति किस वर्ष अपनाई गई?**

(A) 2012 (B) 2014 (C) 2015 (D) 2010 **[D]**

**व्याख्या**—जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन हेतु राज्य सरकार द्वारा **17** फरवरी **2010** को 'राज्य जल नीति' को मंजूरी दी गई।

## दैनिक विज्ञान

**56. उत्प्रेरक विष होता है—**

(A) क्रिया निरोधक (B) स्व-उत्प्रेरक
(C) समांग उत्प्रेरक (D) विषमांग उत्प्रेरक **[A]**

**व्याख्या**—वे पदार्थ जिनकी उपस्थिति से उत्प्रेरक की क्रियाशीलता में कमी होती है, **उत्प्रेरक विष** कहलाते हैं। उत्प्रेरक विष क्रिया निरोधक होता है।

**57. अपचयोपचय अभिक्रिया के संदर्भ में किसी पदार्थ से हाइड्रोजन का निष्कासन कहलाता है—**

(A) विहाइड्रोजनीकरण (B) निर्जलीकरण
(C) ऑक्सीकरण (D) अपचयन **[C]**

**व्याख्या**—ऑक्सीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें रासायनिक क्रिया में ऑक्सीजन का संयोजन होता है तथा हाइड्रोजन का निष्कासन होता है।

**58. लैड सल्फेट का रासायनिक सूत्र है—**

(A) $Pb_2SO_4$ (B) $Pb(SO_4)_2$
(C) $PbSO_4$ (D) $Pb_2(SO_4)_3$ **[C]**

**व्याख्या**—लैड सल्फेट ($PbSO_4$) एक सफेद ठोस है जो माइक्रो क्रिस्टलाइन रूप में सफेद दिखाई देता है। इसे fast white, दूधिया सफेद, सल्फ्यूरिक ऐसिड लैड साल्ट या एगलेसाइट के रूप में जाना जाता है। यह प्रायः कार बैट्री की प्लेटों में पाया जाता है।

**59. अग्निशामक के रूप में किस गैस का प्रयोग किया जाता है?**

(A) कार्बन डाइ ऑक्साइड (B) आक्सीजन
(C) हीलियम (D) नाइट्रोजन **[A]**

**व्याख्या**—कार्बन डाईऑक्साइड वायु से भारी व अज्वलनशील गैस है। अतः यह एक अच्छा अग्निशामक है। भारी होने के कारण यह आग से वायु की आपूर्ति काट देता है।

**60. प्रशीतक के 4 सामान्य प्रकारों में से कौनसा उच्चतम ओजोन अवक्षय क्षमता रखता है—**


(A) CFCs (B) HCFCs
(C) HFCs (D) LTCs **[A]**

**व्याख्या**—प्रशीतक में प्रयुक्त होने वाला CFC उच्चतम ओजोन अवक्षय क्षमता रखता है। CFC–11 तथा R–11 अणु में तीन क्लोरीन परमाणु की क्षमता के कारण उच्च अवक्षय क्षमता होती है।

**61. एथेन जिसका आण्विक सूत्र $C_2H_6$ है, दर्शाता है—**

(A) 6 सहसंयोजी आबंध (B) 7 सहसंयोजी आबंध
(C) 8 सहसंयोजी आबंध (D) 9 सहसंयोजी आबंध **[B]**

**व्याख्या**—



उपरोक्त संख्या में 7 सहसंयोजी आबन्ध बनते हैं।

**62. विद्युत बल्ब में कौनसी गैस भरी जाती है?**

(A) ओजोन (B) आर्गन (C) $O_2$ (D) $CO_2$ **[B]**

**व्याख्या**—बल्ब में उच्च गलनांक वाली टंगस्टन धातु का फिलामेंट लगा होता है। चूँकि निर्वात में टंगस्टन धातु का उच्च ताप पर वाष्पीकरण हो जाता है और कण बल्ब की दीवारों पर चिपकर उसे काला कर देते हैं। अतः बल्ब में अक्रिय गैस ऑर्गन भरी जाती है।

**63. एक उत्तल गोलीय दर्पण से प्रतिबिम्ब बनता है—**

(A) आभासी एवं सीधा (B) वास्तविक एवं सीधा
(C) आभासी एवं उल्टा (D) वास्तविक एवं उल्टा **[A]**

**व्याख्या**—उत्तल दर्पण में किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब सदैव दर्पण के पीछे, उसके ध्रुव और फोकस के बीच वस्तु से छोटा, सीधा एवं आभासी बनता है। अतः विकल्प (A) सही होगा।

**64. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये—**

| सूची-I : (संस्थाएँ) | सूची-II : (स्थान) |
|---|---|
| a. इसरो (ISRO) | I. तिरुवनंतपुरम |
| b. आईयूसीए (IUCA) | II. पुणे |
| c. आईयूएसी (IUAC) | III. बेंगलूरु |
| d. वीएसएससी (VSSC) | IV. नई दिल्ली |

| कूटः | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | II | IV | I |
| (B) | I | II | III | IV |
| (C) | II | IV | I | III |
| (D) | III | I | II | IV |

[A]

**व्याख्या**—

| सूची-I : (संस्थाएँ) | सूची-II : (स्थान) |
|---|---|
| (a) इसरो (ISRO) | बेंगलूरु |
| (b) आईयूसीए (IUCA) | पुणे |
| (c) आईयूएसी (IUAC) | नई दिल्ली |
| (d) वीएसएससी (VSSC) | तिरुवनंतपुरम |

**65. ब्लुटूथ किस टेक्नोलॉजी पर कार्य करती है—**

(A) रेडिया फ्रिक्वेंसी (B) टी.वी. फ्रिक्वेंसी
(C) सी.डी. फ्रिक्वेंसी (D) रडार फ्रिक्वेंसी [A]

**व्याख्या**—ब्लुटूथ कम दूरी की वायरलेस कम्यूनिकेशन तकनीक है जिसका प्रयोग मोबाइल फोन, कम्प्यूटर आदि उपकरणों में डाटा संचरण में किया जाता है। इसका आविष्कार लार्स मैग्नस एरिक्सन द्वारा 1994 में किया गया। यह मूलतः RS-232 डाटा केबल के लिए डिजाइन की गई थी। ब्लुटूथ को Special Interest Group (SIG) द्वारा मैनेज किया जाता है जो 25000 से अधिक नेटवर्किंग का समूह है। यह 2.4 गीगा हर्ट्ज पर कार्य करने वाला पर्सनल एरिया नेटवर्क है।

**66. किस वर्ष में भारतीय पेटेन्ट अधिनियम पारित हुआ था—**

(A) 1960 (B) 1970
(C) 1980 (D) 1990 [B]

**व्याख्या**— भारत में पेटेन्ट वैधता 20 वर्ष के लिए है। भारत में पेटेन्ट संबंधी कानून "पेटेन्ट कानून 1970 (Patent Act 1970) बीस अप्रेल उन्नीस सौ बहत्तर (20.04.1972) को प्रभावी हुआ था।

**67. मानवों में एक युग्मनज, जिसमें पिता से एक X-गुणसूत्र वंशानुगत होता है, से विकसित होगा—**

(A) लड़का
(B) लड़की
(C) X-गुणसूत्र से बच्चे का लिंग-निर्धारण नहीं होता है।
(D) लड़का अथवा लड़की [B]

**व्याख्या**—स्त्री व पुरुषों के लिंग का निर्धारण X तथा Y गुणसूत्रों द्वारा होता है। शिशु का लिंग इस बात पर निर्धारित होता है कि उसे अपने पिता से कौनसा गुणसूत्र प्राप्त हुआ है। जिस बच्चे को अपने पिता से X गुणसूत्र वंशानुगत हुआ है वह लड़की है एवं जिसे पिता से Y गुणसूत्र वंशानुगत हुआ है, वह लड़का होगा।

**68. निम्नलिखित में से कौनसे तीन 'R' पर्यावरण के अनुकूल माने जाते हैं—**

(A) कम करना, पुनः उपयोग, पुनश्चक्रण
(B) कम करना, पुनः बनाना, पुनः उपयोग
(C) पुनरावर्तन, पुनः व्यवस्थित, पुनः बनाना
(D) पुनश्चक्रण, पुनः व्यवस्थित, पुनरावर्तन [A]

**व्याख्या**—पर्यावरण को बचाने के लिए तीन प्रकार के R प्रयुक्त होते हैं जिनका अर्थ है—Reduce (उपयोग कम करना), Reuse पुनः उपयोग तथा Recycle पुनःचक्रण।

(1) Reduce का अर्थ है—कम से कम वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए।

(2) Recycle का अर्थ है—खराब प्लास्टिक, काँच व धातु की वस्तुओं को पुनःचक्रण करके उपयोगी बनाना।

(3) Reuse का अर्थ है—किसी वस्तु का बार-बार उपयोग करना।

**69. 'विश्व जैव विविधता दिवस' कब मनाया जाता है?**

(A) 5 जून (B) 22 मई
(C) 14 नवम्बर (D) 5 सितम्बर [B]

**व्याख्या**—'विश्व जैव विविधता दिवस' 22 मई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जैव विविधताओं की सुरक्षा करना है।

**70. पैराफिन मोम किससे प्राप्त होता है?**

(A) पेट्रोलियम से (B) कोयले से
(C) जन्तु वसा से (D) वनस्पति तेलों से [C]

**व्याख्या**—जन्तुओं की वसा से पैराफिन मोम प्राप्त किया जाता है।

**71. वह शुष्क पुष्पकली जिसका प्रयोग मसाले के रूप में किया जाता है—**

(A) लौंग (B) इलायची
(C) केसर (D) दालचीनी [A]

**व्याख्या**—लौंग एक सुगंधित पुष्पकली है, जिसका प्रयोग मसाले के रूप में किया जाता है। यह एक सदाबहार पौधा है, जिसकी उत्पत्ति मूलतः इण्डोनेशिया में हुई थी। भारत, श्रीलंका, इण्डोनेशिया, बांग्लादेश आदि देशों में इसका व्यापारिक उत्पादन किया जाता है।

**72. शरीर में लाल रुधिर कणिकाओं की कमी को कहते हैं—**

(A) ग्लायसीमिया (B) लिपिडिमिया
(C) एनिमिया (D) थाम्बोसाइटोपीनिया [C]

**व्याख्या**—शरीर में लाल रुधिर कणिकाओं की कमी को एनेमिया कहा जाता है। यह शरीर में लौह तत्व की कमी के कारण होता है।

**73. एड्स बीमारी से प्रभावित होने वाला तंत्र है—**

(A) पाचन तंत्र (B) श्वसन तंत्र
(C) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (D) प्रतिरक्षा तंत्र [D]

**व्याख्या**—एड्स रोग H.I.V. वायरस द्वारा होता है। यह रोग असुरक्षित यौनसंबंध, रक्तधान में अनियमितता व नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से होता है। इस रोग से ग्रस्त व्यक्ति का प्रतिरक्षा तंत्र प्रभावित होकर रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त हो जाती है।

## तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता

**74. उपसूत्र यावदूनम तावदूनी द्वारा 211 का वर्ग होगा—**

(A) 44520 (B) 44521
(C) 44251 (D) 45421 [B]

**व्याख्या**—211

$(\text{संख्या})^2$ = उपाधार अंक (संख्या + विचलन)/(विचलन)$^2$

$(211)^2 = 2(211 + 11) / (11)^2$

$= 2 \times 222 / {}_{1}21$

$= 444 / {}_{1}21 = 44521$ उत्तर

**संकेत**—आधार = 100, उपाधार = 200

उपाधार अंक = 2, विचलन = 211 – 200 = 11

**75. वह बहुपद ज्ञात कीजिए जिसके शून्यक –5 और 4 हो—**

(A) $x^2 + x - 20$ (B) $x^2 - x - 20$

(C) $x^2 + x + 20$ (D) $x^2 - x + 20$ **[A]**

**व्याख्या**—माना $\alpha = -5$ तथा $\beta = 4$

तब $\alpha + \beta = -5 + 4 = -1$

और $\alpha\beta = -5 \times 4 = -20$

द्विघात बहुपद $x^2 - (\alpha + \beta)x + \alpha\beta = 0$

$x^2 - (-1)x + (-20) = 0$

$x^2 + x - 20 = 0$ उत्तर

**76. k के किस मान के लिए समीकरण युग्म 4x–3y = 9, 2x + ky = 11 का कोई हल नहीं हैं—**

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{-3}{2}$ (C) $\frac{-2}{3}$ (D) $\frac{9}{11}$ **[B]**

**व्याख्या**—दिया गया समीकरण युग्म है—

$4x - 3y - 9 = 0,\ 2x + ky - 11 = 0$

कोई हल न होने के लिए प्रतिबन्ध

$$\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} \neq \frac{c_1}{c_2}$$

$$\Rightarrow \frac{4}{2} = \frac{-3}{k} \neq \frac{-9}{-11}$$

$$\Rightarrow \frac{4}{2} = \frac{-3}{k} \text{ या } \frac{-3}{k} \neq \frac{9}{11}$$

$$\Rightarrow k = \frac{2 \times -3}{4} \text{ या } k \neq \frac{-3 \times 11}{9}$$

$$\Rightarrow k = \frac{-3}{2} \text{ या } k \neq \frac{-11}{3}$$

अतः $k = \frac{-3}{2}$ उत्तर

**77. यदि log x2 – log x3 = log 2, तो x बराबर है—**

(A) $\sqrt{2}$ (B) 2 (C) $\frac{1}{2}$ (D) 1 **[C]**

**व्याख्या**— $\log x^2 - \log x^3 = \log 2$

$$\left(\therefore \log x^m - \log x^n = \log \frac{x^m}{x^n}\right)$$

$$\log \frac{x^2}{x^3} = \log 2$$

$$\therefore \frac{1}{x} = 2$$

$$\therefore x = \frac{1}{2}$$ उत्तर

**78. यदि गिरीश का वेतन हरिशंकर के वेतन का $\frac{4}{9}$ गुना है और शिरीष का वेतन हरिशंकर के वेतन का $\frac{5}{6}$ गुना है, तो गिरीश और शिरीष के वेतन का अनुपात क्या होगा?**

(A) 27 : 10 (B) 10 : 27

(C) 8 : 15 (D) 15 : 8 **[C]**

**व्याख्या**—हरिशंकर का वेतन = x रुपए

$\therefore$ गिरिश का वेतन = $\frac{4x}{9}$ रुपए

शिरीष का वेतन = $\frac{5x}{6}$ रुपए

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात = $\frac{4x}{9} : \frac{5x}{6}$

$= 4 \times 6 : 5 \times 9 = 8 : 15$

**79. मनोज को परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 36% अंक प्राप्त करने थे। उसने 24% अंक प्राप्त किये और वह 9 अंकों से अनुत्तीर्ण हुआ। पेपर का पूर्णांक था?**

(A) 66 (B) 75 (C) 50 (D) 60 **[B]**

**व्याख्या**—माना कि परीक्षा का पूर्णांक = x

उत्तीर्णांक = 36%

$$x \times \frac{24}{100} + 9 = x \times \frac{36}{100}$$

या $$\frac{24x - 36x}{100} = -9$$

$$\frac{-12x}{100} = -9$$

या $12x = 900$

$$x = \frac{900}{12} = 75$$

अतः पूर्णांक = 75 अतः विकल्प (B) सही है।

**80. एक दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर ही बेचता है परन्तु 1 किग्रा. के स्थान पर 960 ग्राम का बाट ही प्रयोग करता है। उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा?**

(A) $4\frac{1}{6}\%$ (B) $5\frac{1}{4}\%$ (C) $6\frac{2}{3}\%$ (D) $4\frac{1}{2}\%$ **[A]**

**व्याख्या**— % लाभ = $\frac{\text{त्रुटि}}{\text{वास्तविक भार}} \times 100$

$$= \frac{1000 - 960}{960} \times 100$$

$$= \frac{40 \times 100}{960} = 4\frac{1}{6}\%$$

**81. ₹10 लाख का 8% वार्षिक की दर से चक्रवृद्धि ब्याज ₹259712 है। जब ब्याज वार्षिक देय हो तब समयावधि है—**

(A) 2 वर्ष (B) 3 वर्ष (C) 4 वर्ष (D) 5 वर्ष **[B]**

**व्याख्या**—मूलधन = 10 लाख = ₹1000000

दर = 8%

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹259712

मिश्रधन = 1000000 + 259712
= ₹1259712

$$\text{मिश्रधन} = \text{मूलधन} \times \left(1+\frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}$$

$$1259712 = 100000 \times \left(1+\frac{8}{100}\right)^{\text{समय}}$$

$$\frac{1259712}{1000000} = \left(\frac{108}{100}\right)^{\text{समय}} = \left(\frac{108}{100}\right)^{3}$$

समय = 3 वर्ष

**82. y के किस मान के लिये (a, 0), (0, b), तथा (3a, y), $a \neq 0$ एक सरल रेखा पर होगे?**

(A) 2a (B) –2a (C) 2b (D) –2b **[D]**

**व्याख्या**—यदि दिये गये बिन्दु समरेख हैं तो

$$\begin{vmatrix} a & 0 & 1 \\ 0 & b & 1 \\ 3a & y & 1 \end{vmatrix} = 0 \Rightarrow a(b-y) - 0 + 1(0-3ab) = 0$$

$\Rightarrow ab - ay - 3ab = 0$
$\Rightarrow ay = -2ab$
$\Rightarrow y = -2b$ उत्तर

**83. किसी वृत्त की त्रिज्या में 1 सेमी. की वृद्धि करने पर इसके क्षेत्रफल में 22 वर्ग सेमी. की वृद्धि हो जाती है। वृत्त की प्रारंभिक त्रिज्या कितनी है?**

(A) 6 सेमी. (B) 7 सेमी.
(C) 3 सेमी. (D) 4 सेमी. **[C]**

**व्याख्या**—माना कि वृत्त की त्रिज्या x सेमी है—

वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi x^2$

त्रिज्या में 1 सेमी वृद्धि करने पर वृत्त का क्षेत्रफल

$\pi(x+1)^2$

प्रश्नानुसार

$\pi(x+1)^2 - \pi x^2 = 22$
$\pi[(x+1)^2 - x^2] = 22$

$$\frac{22}{7}\left[x^2+2x+1-x^2\right] = 22$$

$$2x+1 = \frac{22\times 7}{22}$$

$$x = \frac{7-1}{2} = 3$$

वृत्त की प्रारम्भिक त्रिज्या = 3 सेमी

**84. गोले A और B की त्रिज्याएँ क्रमशः 40 सेमी. और 10 सेमी. है। A के पृष्ठीय क्षेत्रफल का B के पृष्ठीय क्षेत्रफल से अनुपात है—**

(A) 16 : 1 (B) 1 : 16 (C) 1 : 4 (D) 4 : 1 **[A]**

**व्याख्या**—अभीष्ट पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात

$$= \frac{4\times\pi\times 40\times 40}{4\times\pi\times 10\times 10}$$

= 16 : 1 उत्तर

**85. $5\dfrac{\sin 17^\circ}{\cos 73^\circ} + 2\dfrac{\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} - 6\dfrac{\sin 15^\circ}{\cos 75^\circ}$ का मान होगा—**

(A) 5 (B) 2 (C) 1 (D) 6 **[C]**

**व्याख्या**— $\dfrac{5\sin 17^\circ}{\cos 73^\circ} + \dfrac{2\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} - \dfrac{6\sin 15^\circ}{\cos 75^\circ}$

$$\frac{5\sin 17^\circ}{\cos(90^\circ-17^\circ)} + \frac{2\cos(90^\circ-23^\circ)}{\sin 23^\circ} - \frac{6\sin 15^\circ}{\cos(90^\circ-15^\circ)}$$

$$\frac{5\sin 17^\circ}{\sin 17^\circ} + \frac{2\sin 23^\circ}{\sin 23^\circ} - \frac{6\sin 15^\circ}{\sin 15^\circ}$$

5 + 2 – 6 = 1

**निर्देश**—निम्नलिखित प्रश्न में से प्रत्येक के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, सर्वोपयुक्त विकल्प को छांटिए।

**86. डॉक्टर का रोगी से वही सम्बन्ध है जो वकील का सम्बन्ध है.... से।**

(A) ग्राहक (B) अभियुक्त
(C) मजिस्ट्रेट (D) मुवक्किल **[D]**

**व्याख्या**—रोगी को औषधि के द्वारा रोगमुक्त करा देता है उसी प्रकार वकील बहस के द्वारा अभियुक्त को अभियोग से मुक्त करा देता है।


**87. चार संख्याएँ दी गई हैं जिनमें से तीन संख्याएँ किसी न किसी रूप में समान है, जबकि एक संख्या भिन्न है। असंगत संख्या चुनिए।**

(A) 676 (B) 571 (C) 361 (D) 484 **[B]**

**व्याख्या**— $676 = 26^2$
$361 = 19^2$
$484 = 22^2$


उपरोक्त तीनों संख्या पूर्ण वर्ग है किन्तु 571 पूर्ण वर्ग नहीं है।

**88. दी गई आकृति में कितने वर्ग हैं?**



(A) 6 (B) 8 (C) 12 (D) 14 **[D]**

**व्याख्या**—सर्वप्रथम दी गई आकृति का नामकरण करेंगे।




सर्वप्रथम सरल वर्गों की गणना करेंगे जो निम्न हैं–

ABOP, BCQO, QMNO, CDRQ, RSMQ, SKLM,

DERD, FGSR, GHKS, HIJK

चार वर्गों को मिलाकर बने वर्गों की संख्या निम्न है-


BNSD, CMGE, QLHF, DQSF

अतः दी गई आकृति में कुल 14 वर्ग हैं।

**89. B, A का भाई है तथा C, A की पुत्री है तथा D, B की बहन है, E, C का भाई है तो बताइए E का चाचा कौन है?**

(A) A (B) B (C) C (D) D **[B]**

**व्याख्या**—




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि E का चाचा B है।

**90. उस वर्ण-समूह का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है—**

**LUNA, ALUN, NALU, ?**

(A) LAUN (B) NAUL

(C) UNAL (D) UALN **[C]**

**व्याख्या**—शृंखला है—LUNA, ALUN, NALU, ?

यहाँ अक्षरों को पुनः व्यवस्थित करके लिखा गया है।

चौथे अक्षर को प्रथम स्थान पर, तीसरे व चौथे प्रथम स्थान पर चक्रीय क्रम में रखा गया है।


अतः अगला शब्द UNAL होगा। विकल्प (C) सही है।

**91. एक निश्चित कूट भाषा में, 'CUTE' को 'BTSD' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'KIND' को किस प्रकार से लिखा जाएगा—**


(A) JHMC (B) LKME

(C) RSYU (D) WIOP **[A]**

**व्याख्या**—जैसे—




उसी प्रकार—




अतः विकल्प (A) सही है।

## सामान्य हिन्दी

**92. निम्न में से विसर्ग संधि से संबंधित उदाहरण है—**

(A) निष्कर्म (B) संयोग

(C) सदैव (D) गिरीश **[A]**

**व्याख्या**—विसर्ग संधि का उदाहरण है- निष्कर्म। निष्कर्म का संधि-विच्छेद है- निः + कर्म। शेष दिए हुए शब्दों का संधि-विच्छेद इस प्रकार है

संयोग = सम् + योग (व्यंजन संधि)

सदैव = सदा + एव (वृद्धि स्वर संधि)

गिरीश = गिरि + ईश (दीर्घ स्वर संधि)

**93. इनमें से किस सामासिक पद का विग्रह गलत है?**

(A) यथाक्रम = क्रम के अनुसार

(B) अधमरा = आधा है जो मरा हुआ

(C) मंत्रिपरिषद् = मंत्रियों के लिए परिषद्

(D) पंचपात्र = पाँच पात्रों का समाहार **[C]**

**व्याख्या**—'मंत्रिपरिषद्' इस सामासिक पद सही विग्रह 'मंत्रियों की परिषद्' होगा। शेष तीनों विग्रह उपयुक्त हैं।

**94. किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?**

(A) नीलिमा (B) नीरस (C) नीरोग (D) निक्षेप **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'नीलिमा' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं है। 'नीलिमा' शब्द का अर्थ है नीला प्रकाश। नीला शब्द एवं इमा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।

अन्यत्र प्रयुक्त उपसर्ग निम्न हैं—

नीरस = निर् + रस

निर् = बड़ा, विशेष, निषेधात्मक

नीरोग = निर् + रोग (निर् उपसर्ग)

निक्षेप = नि + क्षेप

'नि' उपसर्ग का अर्थ है—बड़ा, विशेष, निषेधात्मक

अन्य उदाहरण—निकाय, निकर, निखिल, निगम, निश्चय, निज, निदाघ, निदेशक, निधन, निधि, नियुक्ति।

**95. 'औपचारिक' शब्द में प्रत्यय लगा है।**

(A) अ (B) क

(C) इक (D) ईक **[C]**

**व्याख्या**—'औपचारिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगा है। उपचार+इक = औपचारिक। अन्य प्रत्यय अ, क, इक असंगत है।

**96. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'नम' का पर्यायवाची नहीं है?**

(A) गीला (B) भीगा

(C) आर्द्र (D) आर्द्रा **[D]**

**व्याख्या**—'आर्द्रा' शब्द नम का पर्यायवाची नहीं जबकि गीला, भीगा, आर्द्र तीनों 'नम' के पर्यायवाची हैं। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - तर, गीला, भीगा आदि।

आर्द्रा एक नक्षत्र का नाम है जो आषाढ़ माह के अंतर्गत आता है। इस नक्षत्र में वर्षा एवं खेती का आरम्भ होना उत्तम माना जाता है।

**97. 'अल्पायु' शब्द का विलोम चुनें।**

(A) घायल (B) दयालु (C) दीर्घायु (D) अजर **[C]**

**व्याख्या**—'अल्पायु' का विलोम है-'दीर्घायु'।

अल्पायु- कम आयु वाला।

दीर्घायु- लम्बी आयु वाला।

अजर- अमर।

**98. 'तैरती चलती है इसलिए नाव को............... कहते हैं।' रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द आएगा?**

(A) तरणि (B) तरणी
(C) तरुणी (D) तरुणि **[B]**

**व्याख्या**— रिक्त स्थान में उपयुक्त शब्द 'तरणी' होगा जिसका अर्थ होता है 'नाव'। अतः पूर्ण वाक्य होगा—
तैरती चलती है इसलिए नाव को 'तरणी' कहते हैं।

**99. इनमें से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा से संबद्ध नहीं है?**
(A) मनाही (B) विद्वता (C) सोना (D) खुशी **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त विकल्पों में 'सोना' भाववाचक संज्ञा नहीं है, जबकि 'मनाही', 'विद्वत्ता' तथा 'खुशी' भाववाचक संज्ञाएँ हैं। 'सोना' द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है।

**100. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रेखांकित शब्द के आधार पर पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है।**
**'वह कल मुझसे मिलने आएगी।'**
(A) संबंधवाचक सर्वनाम (B) मध्यम पुरुष
(C) अन्य पुरुषवाचक (D) उत्तम पुरुष **[C]**

**व्याख्या**—वाक्य 'वह कल मुझसे मिलने आयेगी।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'वह' अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का द्योतक है। 'पुरुषवाचक सर्वनाम' पुरुष स्त्री के नाम के बदले आते हैं। इसके तीन भेद हैं:
- **उत्तम पुरुष** – मैं, हम।
- **मध्यम पुरुष** –तू, तुम, आप।
- **अन्य पुरुष** – वह, वे, यह, ये।

**101. निम्न में से विशेषण युक्त शब्द बताइए—**
(A) क्षम्य (B) फेन
(C) शिक्षा (D) भ्रम **[A]**

**व्याख्या**—उपर्युक्त विकल्पों में से **'क्षम्य'** शब्द विशेषण है जो क्षमा शब्द से निर्मित है, शेष शब्द संज्ञा हैं।

**102. 'मुंबई के निकट पूना है।'**
**रेखांकित शब्द क्या है?**
(A) समुच्चयबोधक शब्द (B) सम्बन्धसूचक शब्द
(C) सर्वनाम (D) संज्ञा **[B]**

**व्याख्या**—दिये गये वाक्य में रेखांकित शब्द 'के निकट' सम्बन्ध सूचक शब्द हैं जो अव्यय किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का सम्बन्ध वाक्य के दूसरे शब्द से दिखाता है 'सम्बन्ध सूचक शब्द' कहलाता है, **जैसे—आगे, पीछे, ओर, तरफ, अलावा, बिना, समान, ऐसा, जैसा** इत्यादि।

**समुच्चयबोधक शब्द**—ऐसा (पद) अव्यय जो क्रिया या संज्ञा की विशेषता न बताकर एक वाक्य या पद का सम्बन्ध दूसरे वाक्य या पद से जोड़ता है 'समुच्चयबोधक' शब्द कहलाता है। **जैसे—किन्तु, और, लेकिन, बल्कि, इसीलिए** आदि।

**संज्ञा**—संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो तथा संज्ञा के स्थान प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

**103. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया है?**
(A) राम दौड़ा (B) मैं रुक गया
(C) उसने कार बेच दी (D) खिलौना टूट गया **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में 'उसने कार बेच दी' वाक्य सकर्मक क्रिया है।
**सकर्मक क्रिया**—वह क्रिया जो वाक्य में कर्म की अपेक्षा करती है सकर्मक क्रिया कहलाती है। जैसे—हमने गिलास भरा है।

**104. शुद्ध शब्द कौन-सा है?**
(A) चिन्ह (B) कृप्या
(C) दवाईयाँ (D) निर्भर **[D]**

**व्याख्या**—उपर्युक्त विकल्पों में से 'निर्भर' शब्द शुद्ध है। शेष शब्द अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है-
चिन्त – चिव, कृप्या – कृपया, दवाईयाँ – दवाइयाँ

**105. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का सही प्रयोग नहीं हुआ है?**
(A) हमें अपना काम करने दीजिए।
(B) तुम अपनी कक्षा में जाओ।
(C) यह काम तुझसे नहीं होगा।
(D) मेरे को यह रुचिकर नहीं। **[D]**

**व्याख्या**—'मेरे को यह रुचिकर नहीं' यह वाक्य सर्वनाम प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप है—'मुझे यह रुचिकर नहीं' होगा।

**109. निम्न में से किस विकल्प में एक वाक्यांश के लिए दिया गया एक शब्द सुमेलित नहीं है—**
(A) जिसे बुलाया गया न हो—अनाहूत
(B) जो पहले कभी न हुआ हो—अप्रत्याशित
(C) जो जीता न जा सके—अजेय
(D) जिसका जन्म अग्र या पहले हुआ हो—अग्रज **[B]**

**व्याख्या**—जो पहले कभी न हुआ हो उसे 'अभूतपूर्व' कहते हैं तथा जिसकी आशा न की गई हो उसे 'अप्रत्याशित' कहते हैं। अन्य सभी सुमेलित हैं।

**107. 'हाथी के पाँव में सबका पाँव' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है—**
(A) किसी बड़े का भार बड़ा ही उठाता है।
(B) बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुजर हो जाती है।
(C) यदि किसी व्यक्ति का कोई कुटुम्बी उन्नति करता है तो उसका भी नाम होता है।
(D) किसी काम को करने में बड़े आदमियों के असफल होने पर छोटा उसे करने को तैयार हो जाता है। **[B]**

**व्याख्या**—उपरोक्त लोकोक्ति का सही अर्थ है—'बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुजर हो जाती है।'
**वाक्य प्रयोग**—राजेश का भाई आरएएस अफसर है। उसके पड़ोस में रहने वाला पंकज भी उसी के ऑफिस में चपरासी से बाबू बन गया अर्थात् 'हाथी के पाँव में सबका पाँव'।

**108. 'GRATUITY' का हिन्दी समकक्ष शब्द है—**
(A) निर्वाह भत्ता (B) आदेश
(C) आनुतोषिक (D) लाभ **[C]**

**व्याख्या**—'Gratuity' का हिन्दी समकक्ष शब्द 'आनुतोषिक' होगा।

**109. सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा सामान आपूर्ति या निर्माण आदि कार्यों हेतु इनमें से कौन-सा पत्र समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है—**

(A) निविदा (B) ज्ञापन
(C) अधिसूचना (D) परिपत्र **[A]**

**व्याख्या**—सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा सामान आपूर्ति या निर्माण आदि कार्यो हेतु निविदा पत्र समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है।

✧ **निविदा** – किसी निर्माण कार्य जैसे कार्यालय भवन, फ्लैट, किसी सड़क, ट्राली आदि के निर्माण हेतु मोहरबन्द निर्धारित प्रपत्र पर जो आवेदन पत्र पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित किया जाता है, उसे निविदा कहते हैं।

# General English

**110. 'Wh' words are used as determiners in:**
(A) Affirmative sentences
(B) Negative sentences
(C) Exclamatory sentences
(D) Assertive sentences **[C]**

**Exp.:** Ans. (C) सही है। What or what a का प्रयोग exclamatory वाक्यों में determiner के रूप में होता है।
(a) **What** a beautiful flower!
(b) **What** sweet music !

**111. ....... persons were killed in the accident:**
(A) Any (B) Some
(C) This (D) His **[B]**

**Exp.:** 'Some' Indefinite determiner है। इसका प्रयोग बहुवचन के पहले अनिश्चित संख्या (Indefinite number) का बोध कराता है। इसलिये some persons सही है। Person का प्रयोग एक वचन और बहुवचन (persons) दोनों में होता है।
(1) He is a fascinating person.
(2) Some persons were killed in the accident.

**112. He ........... (go) out for a walk everyday.**
(A) go (B) goes
(C) went (D) gone **[B]**

**Exp.:** Ans. (B) is correct. Habit and repeated activities are stated in The Present Indefinite tense. आदत और दैनिक होने वाले कार्य प्रायः Present Indefinite में लिखे जाते हैं।

**113. I say that all ......... (be) well that ......... (end) well.**
(A) is/end (B) is/ends
(C) was/ended (D) were/end **[B]**

**Exp.:** Ans. (B) is correct. यह एक कहावत है। इसका tense present indefinite है। यहाँ पर कर्ता All एक वचन है। इसलिए is/ends सही क्रिया है।

**114. When I reached his home, he ............ (sleep).**
(A) was sleeping (B) were sleeping
(C) has slept (D) had slept **[A]**

**Exp.:** Ans. (A) is correct. यह वाक्य भी Q.No. 2 जैसा है इसलिए Past Continuous – was sleeping सही है।

**115. Choose the correct option to fill the blank in the sentence given below:**
**The wounded man .............. by some boys.**
(A) were being helped (B) are being helped
(C) was being helped (D) will being helped **[C]**

**Exp.:** Ans. (C) is correct. Past continuous के passive voice में was + being + third form आती है।

**116. Please post this letter. (Passive)**
(A) This letter may be posted by you.
(B) This letter must be posted.
(C) You are requested to post this letter.
(D) This letter may be posted please. **[C]**

**Exp.:** Ans. (C) is correct. Imperative sentences का Passive voice इस Pattern से बनता है—You are + requested आदि + to infinitive + object of infinitive.

**117. 'She said to her son, "What do you like?' The indirect speech of the sentence is:**
(A) She asked her son to like.
(B) She asked her son what will he like.
(C) She ask her son what he liked.
(D) She asked her son what he liked. **[D]**

**Exp.:** Ans. (D) is correct. प्रश्नवाचक वाक्य में indirect बनाते समय reporting verb **asked** में बदला है। नया link word नहीं लगता और प्रश्नवाचक वाक्य साधारण वाक्य में बदल जाता है। इसलिए क्रिया कर्ता के बाद आती है। इस वाक्य में tense present indefinite को past indefinite में बदला है।

**118. 'So help me, Heaven! he cried, 'I will never steal again':**
**Choose the correct indirect speech of the above sentence :**
(A) He called upon Heaven that I would never steal again.
(B) He called upon Heaven to witness his resolve never to steal again.
(C) He called upon Heaven to never steal again.
(D) He called upon Heaven to witness his resolve not to never steal again. **[B]**

**Exp.:** Ans. (B) is correct. यह विस्मयादिबोधक वाक्य है। इसमें प्रार्थना करने के लिए called upon Heaven लगाकर indirect बनाया गया है।

**119. Things have changed .......... her marriage.**
(A) since (B) at
(C) for (D) before **[A]**

**Exp.:** Ans. (A) is correct. Since का प्रयोग भूतकाल से अब तक के समय के लिए होता है।

**120. Choose the correct English translation.**
**मेज किसके द्वारा तोड़ी गई?**
(A) Who has broken the table?
(B) The table has been broken by whom?
(C) By whom the table has been broken?
(D) By whom has the table been broken? **[D]**

**Exp.:** Ans. (D) is correct. कर्ता the table दो सहायक क्रियाओं has और been के बीच में आयेगा।

**121. Choose the <u>Synonym</u> for the word 'emergency':**
(A) exogamy (B) exigency

(C) exequy (D) exemplary **[B]**

**Exp.:** Ans. (B) is correct. Emergency और exigency दोनों का अर्थ आपातकाल या मुश्किल का समय है।

**Mark the antonyms of the underlined words in the sentences given below:**

**122. Which of the following is an antonym of the word Accuse?**

(A) Blame (B) Vindicate
(C) Attack (D) Hinder **[B]**

**Exp.:** The antonym of 'accuse' is 'vindicate'. Accuse का अर्थ आरोप या दोष लगाना है और Vindicate का अर्थ दोषमुक्त करना है।

**Choose the correct Hindi words :**

**123. Inflation—**

(A) मुद्रा संकुचन (B) मुद्रा स्फीति
(C) महँगाई (D) वेतन वृद्धि **[B]**

**Exp.:** Ans. (B) is correct. Inflation की हिन्दी 'मुद्रास्फीति' है।

**124. Choose the correct Hindi translation of the given word from the following:**
**Agenda**

(A) कार्यसूची (B) सूचना
(C) कार्यक्रम (D) अधिसूचना **[A]**

**Exp.:** Ans. (A) is correct. The correct Hindi word for **'agenda'** is कार्यसूची। Agenda का हिन्दी शब्द 'कार्यसूची' है।

**125. The main point is written in which part of an official or formal letter?**

(A) Post-script (B) Opening
(C) Body (D) Closing **[C]**

**Exp.:** Ans. (C) is correct. The body of an official or formal letter. Contains the main poionts or the main information (message) of the writer. किसी भी औपचारिक या व्यापारिक पत्र की मूल (मुख्य) सूचना उसकी Body में लिखी जाती है। See 'main parts of a letter' in the book.

**126. A person's first speech (एक व्यक्ति का प्रथम भाषण)**

(A) Preface (B) Maiden
(C) Opener (D) Extempore **[B]**

**Passage**

**127. Read the following passage and answer the question that follow:**

Gandhi and Tagore were great friends. They had great affection and admiration for each other. Tagore stood by Gandhi in times of need and Gandhi helped Tagore when the latter faced difficulty in raising funds for Shantiniketan. Whenever Gandhi would start his fast he would value Tagoare's advice and good wishes. Tagore would feel concerned about Gandhiji's health and wish him success in his efforts.

**Objective Type Questions with Answers**

**(i) Shantiniketan here means—**

(A) an educational institution
(B) a temple
(C) a house
(D) a training centre **[A]**

**Exp.:** Ans. (A) is correct. शान्ति निकेतन एक विश्वविद्यालय है।

**(ii) Admiration means**

(A) person that causes admiration
(B) warning
(C) wonder
(D) feeling of respect **[D]**

**Exp.:** Ans. (D) is correct. Admiration का अर्थ feeling of respect है।

**(iii) Stood by means**

(A) depended upon
(B) stood nearby
(C) supported in a friendly way
(D) to do nothing **[C]**

**Exp.:** Ans. (C) is correct. 'Stood by' का अर्थ supported in a friendly way है।

## कम्प्यूटर का ज्ञान

**128. एक्सेल में आप किस प्रकार सम्पूर्ण कॉलम सलेक्ट कर सकते हैं?**

(A) कॉलम में हैडर पर क्लिक करके
(B) कॉलम में क्लिक करके
(C) कॉलम कमाण्ड पर क्लिक करके
(D) उपरोक्त सभी **[A]**

**व्याख्या**—MS–Excel के सम्पूर्ण कॉलम का चयन कॉलम के हैडर पर क्लिक करके किया जाता है।

**129. कम्प्यूटर में एफटीपी का तात्पर्य है—**

(A) फाईल ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(B) फाइडिंग टेले पाथ
(C) फिनिश टेले प्रोग्राम
(D) फाइल ट्रांसफर प्रोसेस **[A]**

**व्याख्या**——इन्टरनेट पर फाइल ट्रांसफर हेतु FTP प्रोटोकॉल होता है जिसका पूर्ण रूप **फाइल ट्रांसफर (File Tarnsfer) प्रोटोकॉल** है।

**130. बैंकिंग में प्रयुक्त CVV (सुरक्षा कोड) कितने अक्षरों में होता है?**

(A) 1 (B) 5 (C) 2 (D) 3 **[D]**

**व्याख्या**—ऑनलाईन भुगतान, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मोबाईल वॉलेट आदि द्वारा किया जा सकता है।

**क्रेडिट कार्ड**—बैंक द्वारा ग्राहक को लोन के रूप में दिया गया कार्ड

**डेबिट कार्ड**—भारत के राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा बना Rupay Card, ATM Card आदि।

**नोट:**—डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड में सुरक्षा मानक के रूप में 3-अक्षर का CVV कोड प्राप्त होता है।

**131. डेटा सूची को वर्णानुसार व अंकों के आधार पर कमाण्ड से व्यवस्थित करते हैं—**

(A) फॉर्मूला (B) सॉर्ट
(C) अरेंज (D) B और C दोनों **[B]**

**व्याख्या**—Short Command या सॉर्टिंग द्वारा टेक्स्ट को शॉर्ट एवं नम्बर को आरोही/अवरोही अर्थात् बढ़ते/घटते क्रम में व्यवस्थित कर सकते हैं।

**132. किसी फाइल पर किए जाने वाले ऑपरेशन के नाम को उसके function के साथ सुमेलित करें—**

| | Operation | | Function |
|---|---|---|---|
| a. | Append | I. | फाइल पाइन्टर को reposition करने हेतु |
| b. | Write | II. | फाइल के डाटा को निश्चित क्रम में शॉर्ट करने हेतु |
| c. | Seek | III. | फाइल में नया कन्टेन्ट लिखने हेतु |
| d. | Sorting | IV. | फाइल के अन्त में नया data add करने हेतु |

| कूटः | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | IV | III | I | II |
| (D) | III | IV | I | II |

**[C]**

**व्याख्या**—किसी फाइल के कन्टेन्ट (Content) या फाइल की सूचना को पढ़ने के अलावा फाइल पर विभिन्न कार्य करने हेतु विभिन्न प्रकार के ऑपरेशंस (Operations) किए जाते है।

**133. एमएस पॉवर पॉइन्ट में मैक्रो किस ग्रुप टैब में पाया जाता है?**

(A) होम (B) डिजाइन
(C) फॉर्मेट (D) व्यू (View) **[D]**

**व्याख्या**—Power Point में मैक्रो व्यू टैब के Macros विकल्प में होता है।

**134. कम्प्यूटर में डाटा से छेड़छाड़, ऑनलाईन ठगी, साइबर क्राइम आदि को रोकने हेतु बनाया गया मूल अधिनियम है—**

(A) IT Act 2008 (B) IT Act 2013
(C) IT Act 2000 (D) IT Act 2020 **[C]**

**व्याख्या**——सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम कम्प्यूटर में डाटा से छेड़छाड़ एवं विभिन्न साइबर अपराधों आदि को रोकने हेतु 17 अक्टूबर, 2000 को लागू है, जिसे 2008 में संशोधित किया गया।

IT Act के सेक्शन—

66- हैकिंग को रोकने हेतु।

66F- साइबर अपराध को रोकने हेतु प्रयुक्त होते हैं।

**135. MS Word में सबस्क्रिप्ट करने की शॉर्टकट कुंजी ............ होती हैं।**

(A) Shift + S (B) Ctrl + -
(C) Ctrl + Shift + $ (D) Ctrl + = **[D]**

**व्याख्या**—**Superscript**—टेक्स्ट को घात के रूप में लिखना जैसे—$x^2 + y^2$

इस हेतु शॉर्टकट **Ctrl + Shift + +** यूज होती है।

**Subscript**—टेक्स्ट को आधार में लिखना। जैसे—$H_2SO_4$

इस हेतु शॉर्टकट **Ctrl+=** प्रयुक्त होती है।

**Strikethrough**—टेक्स्ट को मध्य में से काटना। जैसे—~~xyz~~

**136. निम्नलिखित में से ई-मेल (E-mail) का जनक कौन है?**

(A) विन्ट मॉर्फ (B) रे टॉमलिसंन
(C) बॉब कॉहन (D) सबीर भाटिया **[B]**

**व्याख्या—ई-मेल**—दो कम्प्यूटरों या दो यूजरों के बीच इलेक्ट्रॉनिक पत्र या संदेश जो त्वरित संचार प्रदान करता है।

E-mail का पूरा नाम **Electronic Mail** है।

E-mail का जनक **रे टॉमलिसन** है।

**137. MS Excel में प्रथम एवं अंतिम कॉलम का नाम होगा—**

(A) A, XFD (B) B, XFL
(C) A, Z (D) A, XFFD **[A]**

**व्याख्या**—MS Excel में Row का नंबर **1** से **1048576** एवं कॉलम का नाम A से XFD तक होता है।

**नोटः**—जब कॉलम नाम A से Z तक चला जाता है तो पुनः AA, AB, AC ... इस प्रकार से प्रारम्भ हो जाता है।

**Ex.**– 16384वाँ कॉलम XFD होगा।

प्रथम कॉलम का नाम A तथा अंतिम कॉलम का नाम XFD होगा।

**138. वह व्यू जो प्रजेंटेशन में स्लाइड को लघु रूप में दिखाता है कहलाता है—**

(A) स्लाइड सॉर्टर व्यू (B) स्लाइड शो
(C) नोट्स पेज व्यू (D) आउटलाइन व्यू **[A]**

**व्याख्या**—MS Power Point की View Tab में **Slide Sorter View** होता है जो किसी प्रेजेन्टेशन की **सभी स्लाइड्स को छोटे रूप में** (लघु रूप में) कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिखाता है। इसमें यूजर अपनी सभी स्लाइड्स को देख सकता है, उनके क्रम में परिवर्तन कर सकता है, स्लाइड को कट, कॉपी, पेस्ट या मूव कर सकता है एवं स्लाइड में विशेष प्रभाव (ट्रांजिशन) डाल सकता है।

**139. 8-बिट एड्रेस लाइनों का प्रयोग कर, कितनी मेमोरी लोकेशन्स को एड्रेस किया जा सकता है—**

(A) 8 (B) 32
(C) 128 (D) 256 **[D]**

**व्याख्या**—8 बिट एड्रेस लाइन हेतु मेमोरी लोकेशन—

$$2^8 = 256$$

**140. निम्नलिखित में से कौनसा मदरबोर्ड का भाग है?**

(A) Memory Slot (B) Storage connection
(C) Expansion Card Slot (D) उपरोक्त सभी **[D]**

**व्याख्या**—मदरबोर्ड एक ऐसा बोर्ड है जो कम्प्यूटर सिस्टम के सभी कम्पोनेंट्स जैसे—CPU, की-बोर्ड, माउस, प्रिंटर, मेमोरी यूनिट एवं अन्य पेरिफेरल डिवाइस आदि को एक दूसरे से जोड़कर (Connect करके) रखता है एवं उनके मध्य कम्यूनिकेशन स्थापित करता है इसलिए **मदरबोर्ड** को **सिस्टम बोर्ड, प्रिन्टेड सर्किट बोर्ड** (PCB), **लॉजिक बोर्ड** एवं **मैन बोर्ड** कहा जाता है।

**141. ब्लिंकिंग पॉइंट जो टेक्स्ट में आपकी पॉजिशन दर्शाता है, कहलाता है—**

(A) ब्लिंकर (B) कर्सर
(C) कॉजर (D) पॉइन्टर **[B]**

**व्याख्या**—कम्प्यूटर पर टेक्स्ट लिखते समय **यूजर की टेक्स्ट में स्थिति** को कर्सर दर्शाता है। कर्सर टेक्स्ट में जिस स्थान पर स्थित होता है वहाँ पर ब्लिंक करता रहता है।

**142. माइक्रोसॉफ्ट कम्पनी की स्थापना बिल गेटस एवं एलन पॉल ने मिलकर कब की?**
(A) 4 अप्रैल, 1970 (B) 5 अप्रैल, 1972
(C) 4 अप्रैल, 1975 (D) 5 अप्रैल, 1975 **[C]**
**व्याख्या**—विन्डो (Window) एक प्रकार का ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) कंपनी द्वारा बनाया गया।
**Microsoft सॉफ्टवेयर विनिर्माता (बनाने वाली) कंपनी** है, जिसकी स्थापना **4 अप्रैल, 1975** को **बिल गेटस एवं पॉल एलेन** द्वारा की गई।

**143. .fz, .rar, .zip, .rpm आदि किस प्रकार के एक्सटेंशन है—**
(A) कम्प्रेस फाइल एक्सटेंशन (B) डाटा फाइल एक्सटेंशन
(C) प्रोग्राम फाइल एक्सटेंशन (D) वीडियो फाइल एक्सटेंशन **[A]**
**व्याख्या—फाइल एक्सटेंशन**—फाइल एक्सटेंशन या फाइल नेम एक्सटेंशन वह शब्द होता है जो **किसी भी फाइल के नाम के अंत में** आता है, इसे फाइल फॉर्मेट भी कहते हैं। फाइल एक्सटेंशन की मदद से ही ऑपरेटिंग सिस्टम को यह पता चलता है कि फाइल किस प्रकार की है एवं इस फाइल को किस एप्लीकेशन में खोलना है।
कम्प्रेस फाइल एक्सटेंशन—.7z, .rar, .zip, .arj, .deb., .pkg, .rpm, .z

**144. वह सॉफ्टवेयर जो प्रयोक्ता की जानकारी के बिना उसकी गतिविधियों को ट्रेक करता है—**
(A) वायरस (B) स्पाइवेयर
(C) मालवेयर (D) वार्म **[B]**
**व्याख्या—मालवेयर**—यह एक द्वेषपूर्ण (दुर्भावनापूर्ण) सॉफ्टवेयर है जो आपके कम्प्यूटर से **निजी फाइलें, डाटा, सूचना** आदि **चुराकर** अलग डिवाइस में ट्रांसफर करता है। इसका उपयोग हैकर्स द्वारा आपके कम्प्यूटर सिस्टम की सुरक्षा (System Security) को नुकसान पहुँचाने में होता है।
**ट्रोजन हॉर्स**—यह एक ऐसा मालवेयर है, जिसकी मदद से Phone या कम्प्यूटर को Remotely कंट्रोल किया जा सकता है।
**स्पाइवेयर**—यह भी एक प्रकार का मालवेयर है जो उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना सिस्टम की जानकारी इकट्ठी करता है।

**145. एचडी, एसडी, वीजीए आदि शब्द निम्न से संबंधित हैं?**
(A) गुणवत्ता प्रदर्शन (B) ध्वनि गुणवत्ता
(C) मेमोरी क्षमता (D) प्रसंस्करण शक्ति **[A]**
**व्याख्या**—HD (High Defination), SD (Standard Definition), VGA (Video Graphic Array) आदि सभी कम्प्यूटर की डिस्प्ले पर चित्र के गुणवत्तापूर्ण दिखने की तकनीक है।

## समसामयिक घटनाएँ

**146. हाल ही में किस क्रिकेट खिलाड़ी को 'राजीव गाँधी लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया?**
(A) गगन खोड़ा (B) राहुल द्रविड़
(C) रवि विश्नोई (D) दीपक चाहर **[A]**
**व्याख्या**—राजस्थान क्रिकेट अकादमी (RCA) और राजीव गांधी क्रिकेट क्लब की ओर से 19 अगस्त 2022 को प्रदेश के गगन खोडा को **'राजीव गांधी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड'** प्रदान किया गया है। गगन खोडा BCCI की सीनियर चयन समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

**147. कौन सा फुटबॉलर 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाला पहला खिलाड़ी बन गया है?**
(A) लियोनेल मेसी (B) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(C) एंटोनी (D) नेमार **[B]**
**व्याख्या**—क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले फुटबॉल इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी पेनल्टी ने पुर्तगाल को कतर में चल रहे फीफा विश्व कप में घाना पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज करने में मदद की। पुर्तगाल के कप्तान ने घाना के खिलाफ खेल के 65वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

**148. नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2022 में भारत की रैंक क्या है?**
(A) 60वां (B) 61वां (C) 58वां (D) 50वां **[B]**
**व्याख्या**—हाल ही में जारी नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 6 स्लॉट से अपनी रैंक में सुधार किया और अब 61 वें स्थान पर पहुँच गया है। एनआरआई रिपोर्ट 2022 के अपने नवीनतम संस्करण में 131 अर्थव्यवस्थाओं के नेटवर्क-आधारित तत्परता परिदृश्य को उनके आधार पर पेश की है। चार अलग-अलग स्तंभों में प्रदर्शन: लोग, प्रौद्योगिकी, शासन और इसके प्रभाव के कुल 58 वैरीयबल को कवर करते हैं।

**149. भारत ने किस देश से 'ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की अध्यक्षता हासिल की है?**
(A) जापान (B) इटली
(C) फ्रांस (D) कनाडा **[C]**
**व्याख्या**—भारत ने 21 नवंबर, 2022 को फ्रांस से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्लोबल पार्टनरशिप, GPAI की अध्यक्षता संभाली। G20 प्रेसीडेंसी संभालने के बाद, यह एक अन्य निकाय है जिसकी अध्यक्षता भारत करेगा। GPAI जिम्मेदार और मानव केंद्रित विकास और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का समर्थन करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय पहल है।

**150. कौन सा देश COP27 जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र की 27 वीं बैठक' का मेजबान है?**
(A) फ्रांस (B) जर्मनी
(C) मिस्र (D) जापान **[C]**
**व्याख्या**—जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र की 27वीं वार्षिक बैठक, COP27 (Conference of Parties) 6 से 18 नवंबर तक मिस्र के शर्म-अल-शेख में सम्पन्न हुई। COP27 में तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित रहा - उत्सर्जन को कम करना, देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने और तकनीकी सहायता प्राप्त करना और जलवायु गतिविधियों के लिए विकासशील देशों के लिए धन प्राप्त करने में मदद करना।

प्रकाशक :
**परितोष वर्धन जैन**
**कॉलेज बुक सेन्टर**
• A-19, सेठी कॉलोनी,
जयपुर-302 004

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

लेजर टाईपसैटिंग :
पूजा एण्टरप्राईजेज़
जयपुर

मुद्रक :
के.डी. प्रिन्टर्स
जयपुर।

# अनुक्रमणिका


| अध्याय नं. | अध्याय/विषय का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-1 | 1 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-2 | 17 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-3 | 33 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-4 | 49 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-5 | 65 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-6 | 81 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-7 | 97 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-8 | 112 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-9 | 128 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-10 | 144 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-11 | 159 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-12 | 175 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-13 | 191 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-14 | 206 |
| ❖ | समान पात्रता परीक्षा • CET • 10+2 Level • प्रैक्टिस पेपर-15 | 222 |



WWW.DAKSHBOOKS.COM


**Code No.: D-663**


• प्रकाशक की अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भी अंश का किसी भी प्रणाली के सहारे पुन:उत्पत्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके (इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फॉटोकॉपी, रिकॉर्डिंग, डिजिटल, वेब) के माध्यम से अथवा इस पुस्तक का नाम, टाईटल, चित्र, रेखाचित्र, नक्शे, डिजाईन, कवर डिजाईन, सैंटिंग, शिक्षण -सामग्री, विषय-वस्तु, पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी भाषा में हूबहू या तोड़-मरोड़ कर या अदल-बदल कर प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है। इस पुस्तक के प्रतिलिप्याधिकार प्रकाशक के पास सुरक्षित हैं।
• पुस्तक का कम्पोजिंग कार्य कम्प्यूटर द्वारा कराया गया है। पुस्तक के लेखन व प्रकाशन कार्य में लेखक, प्रूफ रीडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरतने के बावजूद भी अधूरी या पुरानी जानकारी का होना/कुछ ग़लतियों/कमियों का रह जाना मानवीय भूलवंश सम्भव है, जिसके लिए पुस्तक प्रकाशन से जुड़े मुद्रक, लेखक एवं प्रकाशक उत्तरदायी नहीं होंगे। पाठकों के सुझाव सादर आमंत्रित हैं।
• सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जयपुर (राज.) होगा।


दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें



















# दक्ष प्रकाशन

(A Unit of College Book Centre)

A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)

फोन नं. 0141-2604302

Code No. D-663 | ₹ 380/-



इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु

**WWW.DAKSHBOOKS.COM**

पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★